इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## सुप्रीम कोर्ट ने माना, आधार नागरिकता का सबूत नहीं: जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला- गलतियां स्वाभाविक; बिहार एसआईआर पर हुई सुनवाई

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि इस प्रक्रिया के तहत करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जबकि चुनाव आयोग का दावा है कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को पारदर्शी और सही रखने के लिए है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- भरोसे की कमी, तथ्य साफ

मंगलवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह मामला ज्यादातर भरोसे की कमी का है। चुनाव आयोग ने अदालत को बताया कि 7.9 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत ही नहीं पड़ी, क्योंकि वे या उनके माता-पिता 2003 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज थे। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा- अगर 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ ने एसआईआर का जवाब दिया है, तो 1 करोड़ मतदाताओं के नाम गायब होने का तर्क नहीं टिकता है।

### दस्तावेजों पर क्या है विवाद?

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस निर्णय से सहमति जताई कि आधार और मतदाता पहचान पत्र को अकेले



नागरिकता का पुख्ता सबूत नहीं माना जा सकता। इसके साथ अन्य दस्तावेज भी होने चाहिए। वहीं कपिल सिब्बल (याचिकाकर्ता की ओर से) ने कहा कि लोगों के पास आधार, राशन और ईपीआईसी कार्ड होते हुए भी अधिकारी इन्हें मान्य नहीं मान रहे। अदालत ने पूछा- क्या आपका मतलब है कि जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं है, उन्हें भी मतदाता मान लिया जाए?

### राजनीतिक दलों और कार्यकर्ताओं की आपत्तियां

अभिषेक मनु सिंघवी और प्रशांत भूषण ने इस प्रक्रिया की समय सीमा और 65 लाख मतदाताओं को मृत, पलायन कर चुके या अन्य जगह पंजीकृत बताने के आंकड़ों पर सवाल उठाए। वहीं योगेंद्र यादव ने कहा- बिहार में वयस्क आबादी 8.18 करोड़ है, जबकि मतदाता संख्या 7.9 करोड़ बताई गई। उनका आरोप है कि एसआईआर का डिजाइन ही नाम हटाने के लिए है। उदाहरण दिए गए कि कुछ क्षेत्रों में जिंदा लोगों को मृत घोषित किया गया और मृत लोगों को जिंदा।

### ड्राफ्ट सूची की गड़बड़ी सुधार लेंगे- चुनाव आयोग

वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी (ईसीआई की ओर से) ने कहा- यह ड्राफ्ट सूची है, इसमें कुछ गड़बड़ियां स्वाभाविक हैं, जिन्हें अंतिम सूची में सुधार लिया जाएगा। इसका उद्देश्य है मतदाता सूची से अयोग्य नामों को हटाकर चुनाव की शुद्धता बढ़ाना। बता दें कि ड्राफ्ट रोल 1 अगस्त को प्रकाशित होगा और फाइनल रोल 30 सितंबर को जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि अगर बड़े पैमाने पर नाम काटने की स्थिति बनी, तो वह तुरंत दखल देगा। बुधवार को सुनवाई जारी रहेगी, जिसमें अदालत ने ईसीआई से पूरा डाटा तैयार रखने को कहा है। इस मामले में कई बड़े राजनीतिक नेता और संगठन सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे हैं। इस आरजेडी सांसद मनोज झा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, एनसीपी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले, सीपीआई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी : प्रदेश को मिलेगा डीएपी और यूरिया के 50-50 हजार टन का अतिरिक्त आबंटन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर केन्द्रीय रासायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने छत्तीसगढ़ को यूरिया और डीएपी खाद की अतिरिक्त आबंटन की मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि, केन्द्रीय रासायन एवं उर्वरक मंत्री से दिल्ली में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सांसदों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ राज्य को यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की।



कृषि मंत्री श्री नेताम और सांसदों ने राज्य के किसानों को खरीफ सीजन में रोपा-ब्यासी के समय पड़ने वाले खाद की अतिरिक्त आवश्यकता की जानकारी देते हुए उनसे खरीफ सीजन के लिए छत्तीसगढ़ को निर्धारित सप्लाई प्लान के अतिरिक्त 50-50 हजार टन यूरिया और डीएपी खाद आबंटित किए जाने का आग्रह किया है। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा इस पर छत्तीसगढ़ को अतिरिक्त खाद उपलब्ध कराने उर्वरक मंत्रालय अधिकारियों को निर्देशित किया। केन्द्रीय उर्वरक मंत्री श्री नड्डा से मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री श्री नेताम और लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, विजय बघेल, कमलेश जांगड़े और रूपकुमारी चौधरी और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ मार्कफेड प्रबंध संचालक किरण कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ के किसान मुख्य रूप से धान की फसल लेते हैं। खरीफ सीजन में किसान अगस्त-सितंबर माह में रोपा-बियासी का कार्य करते हैं। वर्तमान में रोपा-बियासी का काम तेजी से चल रहा है। इस समय धान के पौधों को तेजी से बढ़वार और बेहतर उत्पादन के मद्देनजर किसानों को इस समय ज्यादा फोस्फेटिक खाद की जरूरत पड़ती है।

### मंत्री और सांसदों ने नड्डा से किया अनुरोध

कृषि मंत्री श्री नेताम और सांसदों ने केन्द्रीय उर्वरक मंत्री को बताया कि, सप्लाई प्लान के अनुसार छत्तीसगढ़ को माह जुलाई तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## अंबानी परिवार की संपत्ति अदाणी से दोगुनी होकर 28 लाख करोड़ हुई



नई दिल्ली। अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले अंबानी परिवार के पास 28 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह अदाणी परिवार की 14.01 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति से दोगुनी से भी अधिक है। हुरुन की ओर से बार्कलेज के सहयोग से तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की संपत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 12 प्रतिशत है।

## चैतन्य बघेल की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस, 2 हफ्ते में मांगा जवाब



रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की याचिका पर आज हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करते हुए 2 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें, चैतन्य बघेल ने अपनी याचिका में गिरफ्तारी को असंवैधानिक और कानून के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि ईडी ने उनके साथ कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया और बिना पर्याप्त सबूत के गिरफ्तार किया गया। याचिका में गिरफ्तारी को रद्द करने और तत्काल रिहाई की मांग की गई है। बिलासपुर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आज सुनवाई के दौरान ईडी से स्पष्ट रूप से कहा कि वे 2 सप्ताह के भीतर जवाब पेश करें। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि गिरफ्तारी और जांच की प्रक्रिया की वैधता पर विस्तार से विचार किया जाएगा। अगली सुनवाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उपराष्ट्रपति पद का चुनाव: एनडीए कैंडीडेट का आज होगा ऐलान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार का चयन करेंगे. नई दिल्ली में गुरुवार को एनडीए नेताओं की एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी और नड्डा को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया गया. बैठक में मौजूद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाद में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष द्वारा चुने गए अंतिम उम्मीदवार को एनडीए के सभी सहयोगियों की सहमति और समर्थन प्राप्त होगा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान, टीडीपी के लवू कृष्ण देवरायलु और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के रामदास अठावले भी बैठक में शामिल हुए. शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को भाजपा के उम्मीदवार (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पीएम मोदी और नड्डा करेंगे चयन

## ट्रम्प बोले - भारत पर टैरिफ, रूस के लिए झटका: इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे, कहा- डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

वॉशिंगटन डीसी। सोमवार को व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।



उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं की तारीफ करते हुए कहा कि वे युद्ध से थक चुके हैं और चाहते हैं कि अपने देशों पर पैसा खर्च करना शुरू करें। ट्रम्प ने कहा कि उनका यूरोप के नेताओं से बेहद अच्छा रिश्ता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प 15 अगस्त (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल को लेकर फैलाया जा रहा डर बेबुनियाद- पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों पर असर को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच, पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ कहा है कि इस ईंधन से माइलेज में भारी गिरावट की बात सही नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि ई20 से माइलेज पर मामूली असर पड़ सकता है, लेकिन यह बेहतर एक्सीलरेशन देता है।



ई 20 पेट्रोल, जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल (गन्ना या मक्का से बना) और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है, सरकार का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका मकसद कार्बन उत्सर्जन कम करना और किसानों की आय बढ़ाना है। मंत्रालय का आरोप है कि कुछ लोग गलत जानकारी देकर और इंश्योरेंस को लेकर डर फैलाकर इस योजना को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि ई20 इस्तेमाल करने से इंश्योरेंस कंपनियां गाड़ी के नुकसान का खर्च नहीं उठाएंगी। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह गलत बताया और कहा कि एक इंश्योरेंस कंपनी के ट्वीट को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। ई20 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पैर पखारकर स्वच्छता दीदियों का सम्मान: सीएम साय ने की बड़ी घोषणा- प्रथम रैंक लाने वाले शहर को मिलेगा एक करोड़ का पुरस्कार

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को 'स्वच्छता संगम' में शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अहम योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों के पैर पखारकर उनका सम्मान किया। बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 260 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। उन्होंने घोषणा की कि स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नगरीय निकाय को एक करोड़ रुपए, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 50 लाख रुपए तथा तीसरा स्थान पाने वाले को 25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।



### सीएम साय ने नगरीय प्रशासन विभाग को दी बधाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने 'स्वच्छता संगम' के सफल आयोजन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में हमारी सफाई दीदियों का योगदान अतुलनीय है, और आज उनके पैर पखारकर हमने उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। तब से हम निरंतर स्वच्छता के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए नई उपलब्धियां अर्जित कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ ने इस दिशा में उल्लेखनीय सफलता पाई है। यह उपलब्धियां हमें और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न नवाचार लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' लहराने और प्रदेश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जनसहभागिता का आह्वान किया।

### स्वच्छता में हमने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई: अरुण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, आज छत्तीसगढ़ के इतिहास का गौरवशाली दिन है। प्रधानमंत्री ने 2014 में स्वच्छता का बीड़ा उठाया और आज यह जन आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छता में प्रगति करते हुए हमने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान (शेष पृष्ठ 6 पर...)







## भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा, 18वें IOAA ओलंपियाड में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड के प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की मजबूत विरासत पर जोर दिया। अपने संबोधन में पीएम ने युवाओं से जिज्ञासा, रचनात्मकता और सहयोगात्मक मानसिकता के साथ ब्रह्मांड की खोज में आगे बढ़ने का आग्रह किया। मुंबई में आयोजित खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में परंपरा और नवाचार का संगम है।



उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया की सबसे ऊंची एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरीज़ में से एक है, जो लद्दाख में है। इस ऑब्जर्वेटरी की ऊंचाई समुद्र तल से 4,500 मीटर है। मोदी ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ताकत में विश्वास करता है। भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश हैं।

उन्होंने कहा, भारत वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 1 करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी अटल टिंकरिंग लैब्स में प्रायोगिक तरीके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छग में शराब घोटाले के आरोपी अनवर का बेटा शोएब गिरफ्तार



रायपुर। शराब घोटाला मामले में लंबे समय से जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शोएब पर आरोप है कि वह बिना अनुमति जेल के मुलाकात कक्ष में घुस गया और वहां विवाद किया। गंज थाना पुलिस के अनुसार, जेल प्रबंधन ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में जेल प्रहरी आनंद किस्पोट्टा ने बताया कि 6 अगस्त को शोएब जबरन अपने पिता से मिलने के लिए मुलाकात कक्ष में घुस गया था। इस दौरान उसने अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। घटना के बाद जेल प्रशासन ने शोएब पर कार्रवाई करते हुए तीन महीने के लिए किसी भी कैदी से मुलाकात पर रोक लगा दी थी। बाद में जेल प्रहरी की शिकायत पर गंज पुलिस ने मामला दर्ज किया। 12 अगस्त को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल दाखिल करा दिया।

## महाभियोग पर महाजांच: जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव मंजूर, स्पीकर ने बनाई 3 सदस्यीय कमेटी

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर कमेटी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के एक-एक जज शामिल होंगे। वहीं, इस कमेटी में एक कानूनविद् को भी शामिल किया गया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस मनिंदर मोहन और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल होंगे। उन्होंने कमेटी के सदस्यों की घोषणा करने से पहले कहा कि संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के तहत जस्टिस यशवंत वर्मा को हाईकोर्ट के जज के पद से हटाने का प्रस्ताव आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ जो शिकायत है, उसे उच्च प्रवृति का पाया गया है। ऐसे में उनको पद से हटाने के लिए कार्रवाई करने की जरूरत है। जस्टिस वर्मा को पद से हटाने का प्रस्ताव तब तक लंबित रहेगा, जब तक कि यह कमेटी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपेगी। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि उन्हें पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजेंगे। साथ ही कहा कि कमेटी भी अपनी रिपोर्ट जल्द सौंपेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# धूमधाम से मनाया गया सद्गुरु मां का 26वां जन्मोत्सव





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी के रामाधीन मार्ग में स्थित श्री श्यामकुटी में श्री श्यामप्रभु के मंदिर जो कि विगत 55 वर्षो से स्थित है कि चर्चा पूरे देश में श्री श्याम दरबार के नाम से प्रसिद्ध है। क्योंकि श्री खाटू वाले श्यामप्रभु का दरबार पूरे देश व विश्व में मात्र तीन स्थान पर ही है। जिनमें से एक प्रथम राजस्थान के शिखर में स्थित श्री खाटूधाम है और दूसरा स्थान छग के राजनांदगांव में स्थित श्री श्यामकुटी का श्याम दरबार है और तीसरा स्थान हरियाणा के फरिदाबाद में है, लेकिन खाटू वाले श्री श्यामप्रभु की भव्य मंदिर पूरे देश के छोटे-बड़े अनेक शहरों व गांव में स्थित है। स्वयं श्री श्यामप्रभु ने खाटू के और राजनांदगांव तथा फरिदाबाद के तीन स्थानों पर अपने दरबार होने का प्रमाण दिया है। संस्कारधानी शहर के श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा भादोबदी की चौथ को तीन द्विवसीय अपनी प्यारी श्री सद्गुरूमां की जयंती बड़े हर्षोंलास व उमंग से मनायी जाती है। यह 26वीं जयंती है। जयंती को यहां के भक्तगण इसलिए मनाते है। क्योंकि इसी दिन श्रीदासी व श्रीश्याम प्रभु के मिलन व एकाकार हुआ था। जयंती को मनाने का भक्तों के पास यही कारण है। जयंती पर्व के द्वितीय दिवस पर रामाधीन मार्ग से शाम 6 बजे एक विशाल भव्य मनोहारी रथ पर श्रीदासीश्याम विराजमान होकर रामाधीन मार्ग से तिरंगा चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, श्री गायत्री मंदिर से होते हुए जीई रोड से स्टेशन पारा के शक्तिधाम पहुंची। शोभा यात्रा में उपस्थित समस्त भक्तजन सफेद वस्त्र धारण किये थे और अपनी प्यारी श्रीगुरूमां का गुणगाण कर रहे थे। जिसमें सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा में पूरे रास्ते भर भव्य आतिशबाजी होती रही तथा अनेक स्थानों पर पूजा, अर्चना के साथ श्रीदासीश्याम प्रभु की आरती हुई। रास्ते में ठंडाई, कोल्ड्रीग, बादाम, काजू, काजू कतली, पान और श्री शक्तिधाम में चाय बिस्कुट के साथ आलू चिप्स का प्रसादी के रूप में वितरण किया गया।

### शोभायात्रा में उमड़ी भक्तों

श्रीदासी श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा जिस-जिस स्थानों से निकली उन स्थानों में रहने वाले आमजन अपने घरों से निकल-निकलकर शोभायात्रा को निहारते रहे और श्रीदासी श्याम प्रभु का दर्शन करते रहे। सबसे विशेष बात शोभायात्रा की यह रही की भजनों की धुन पर महिलाओं, युवतियों व बच्चों के साथ पुरूष भी पूरे रास्तेभर झुमते, नाचते व गाते रहे। जयंती पर्व पर पूरे देश के लगभग प्रत्येक राज्य से भक्तजन आए हुए है।

सन् 2024 में कार्तिक की ग्यारस को रजत व स्वर्ण जयंती मनाई गई थी। जिसमें श्रीश्यामकुटी में श्रीश्यामप्रभु की विशाल छवि की चर्चा पूरे देश में रही। क्योंकि सोशल मिडिया में यह लोग देखे और छग, म.प्र. व महाराष्ट्र के भक्तजन तो राजनांदगांव आकर श्रीश्यामप्रभु के दर्शन भी किये और अपने लोगों में उसकी प्रशांसा भी करते रहे। जयंती पर्व के तृतीय दिवस पर आरती के पश्चात श्रीदासीश्याम प्रभु के भक्तों द्वारा ली जावेगी। जिसका बड़ा विशेष महात्व है और रात 9 से सुबह 6 बजे तक स्टेशन पारा के शक्तिधाम में भजन यामनी का कार्यक्रम होगा। जयंती पर्व के आनंद व प्रसादी तथा सेवा की मधुर यादें भक्तजन अपने मन व दिलों में लेकर अपने-अपने घरों को प्रस्थान करेंगे।

## पहला कॉलम...

## शेख नईम कुरैशी बने मठपारा मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा मठपारा मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी में सुचारू रूप से रख रखाओं के लिए नईम कुरैशी को कार्यवाहक सदर नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि अहले सुन्नत वल जमाअत कब्रस्तान कमेटी मठपारा, राजनांदगांव के सदर (अध्यक्ष) का कार्यकाल समाप्त होने के कारण एवं संस्था के सुचारू रूप से संचालन, प्रबंधन एवं देखरेख के लिए अस्थायी रूप से शेख नईम कुरैशी को अहले सुन्नत वल जमाअत कब्रस्तान कमेटी मठपारा राजनांदगांव का कार्यवाहक सदर बनाया गया है। वहीं सामाजिक लोगों में रईस अहमद शकील, अब्दुल रज्जाक, सैय्यद अली अहमद, तनवीर अहमद, जलालुद्दीन निर्वाण, रशीद भाई बेरिंग, अनीस अहमद गुरुजी, अय्यूब भाई, सैय्यद अफजल अली, परवेज भाई, कदीर भाई, नौशाद भाई, इमरान अंसारी, जमील खान, रेहान कुरैशी ने मुबारकबाद पेश की।

## आज रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। रैम्प योजना अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों, महिला उद्यामियों, स्वसहायता समूह एवं कारीगरों को बैंक ऋण, शासकीय योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने के लिए 13 अगस्त को सुबह 11.30 बजे होटल अवाना में उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन रखा गया है। कार्यशाला में बैंकों द्वारा ऋण योजना की जानकारी, एमएसएमई व शाखाओं से संबंधित वित्तीय समस्याओं का समाधान, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं की जानकारी, उद्यमियों और बैंकर्स के मध्य प्रत्यक्ष संवाद, महिला उद्यमियों एवं एसएचजी हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों से कार्यशाला में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## कल जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय 14 अगस्त स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे से स्थान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड़ से वी.आई.पी.रोड़ होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वी.आई.पी.रोड़ होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में दौड़ का समापन किया जाएगा। उक्त स्वतंत्रता दौड़ में स्कूली छात्र/छात्राएं, खिलाड़ी बच्चे, खेल संघ के पदाधिकारी गण, शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरीक, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित होंगे।

## कमल मोहबे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। कुंज विहार कॉलोनी निवासी कमल मोहबे 86 वर्ष का आज 12 अगस्त को समय दोपहर 3.45 बजे दुखद निधन हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा कल 13 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे इनके निवास स्थान कमला कॉलेज रोड राजनांदगांव से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। कमल मोहबे अपने पीछे पत्नी श्रीमती पुष्पा मोहबे एवं पुत्री प्रीति, तृप्ति एवं नीति का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## कुंतीबाई सोनी का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सिनेमा लाईन निवासी विशाल सोनी की 77 वर्षीय दादी श्रीमती कुंती बाई सोनी का आकस्मिक निधन स्वास्थ्यगत कारणों से मंगलवार 12 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा संध्या 4 बजे गृह ग्राम फाफामार (गैंदाटोला) में निकाली गई।

## छात्रवृत्ति पंजीयन एवं सत्यापन का कार्य 10 सितंबर तक

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय प्रवर्तित छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति वर्ग के विद्याथियों को ऑनलाईन पंजीयन एवं सत्यापन का कार्य 10 सितंबर तक करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के समाधान के लिए टोल-फ्री नंबर जारी

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत कच्चे मकानों में निवासरत जरूरतमंद परिवारों को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का मकान का लाभ दिया जा रहा है। हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित जानकारी एवं समस्याओं के समाधान के लिए राज्य कार्यालय के टोल-फ्री नंबर 18002331290 में संपर्क कर सकते है।









## संतानवती माताएं द्वारा की जा रही हलषष्ठी पर्व की जोरदार तैयारियां

### बाजार में बिकने आए पसहर चांउर व दोने-पत्तल सहित पूजा के सामान



राजनांदगांव (दावा)। भादों मास के कृष्ण पक्ष की सष्ठमी तिथि को अंचल में संतानवती माताएं-बहनों द्वारा हलषष्ठी का पर्व की तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ अंचल में हलषष्ठी व्रत को यहां की माता-बहने खम्हरछठ व्रत के रुप में मनाती है। इस दिन की तैयारी बड़े ही खास ढंग से की जा रही है। महिलाओं के इस खास पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह सज गया है। शहर के जयस्तंभ चौक व गोल बाजार रोड, गंज चौक, हाट बाजार आदि जगहों में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। वहीं इस दिन विशेष रूप से प्रसादी रुप में लिए जाने वाले पसहर चांउर 150 रुपए किलो बिकने लगा है। दोने-पत्तल के साथ कांसी फूल, बेर व महूए के पत्ते तथा दूब, महुए व खम्हार के दातौन वाला पूरा सेट 50 रुपए में बिक रहा है। इसी तरह मिट्टी के बने शिव लिंग, नाव, गोलियां आदि भी बाजार में बिकने लगा। चूंकि खम्हरछठ का पर्व गुरुवार को है, इसलिए पर्व में उपयोग आने वाली पूजा सामग्रियों अभी से खरीद लिए जा रही है।

### संतान की दीर्घायु की कामना

बता दें कि वैदिक विधान वाले पर्वों के साथ कृषि संस्कृति वाले पर्व भी साथ-साथ चलते हैं। भादों मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल मथुरा में जन्म लिया था इस लिए पूरे देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसके ठीक दो दिन पहले कृषि संस्कृति का पोषक श्रीकृष्ण के बड़े भैया हल धारी बलराम ( बलभद्र) का जन्म हुआ था। इसलिए भादों मास के सष्ठमी तिथि के दिन हलधारी बलभद्र भैया का जन्म दिन हलषष्ठी पर्व के रूप में मनाया जाता है, जो केवल संतानों की दिर्घायु की कामना से की जाती है। दिनभर निर्जला रह कर किए जाने वाले इस कठिन व्रत की अंचल में व्यापक मान्यताऐं है।

संतान की लंबी आयु की कामना से श्रद्धा भक्ति के साथ मनाए जाने वाले इस व्रत के दिन दोपहर पश्चात किसी मेल्लार जगह में जमीन को खोद कर सगरी बनाया जाता है। उक्त सगरी को दूध व जल से भरा जाता है। उसके चारों ओर प्रकृति के झाड़-झंखरी का दृश्य शोभायमान रहता है। सगरी के सामने भगवान शिव परिवार, मिट्टी से बने शिव लिंग, नंदी, नाव, गोलियां व भगवान गौरी-गणेश सहित भगवान बलराम की पूजा अर्चना की जाती है और पंडित-पुरोहितों के मुख से पौराणिक कथा सुनकर महिलाएं कृत्य-कृत्य होते हुए भगवान से अपने पुत्रों की लंबी आयु सहित घर- परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करती है। कई महिलाएं एक विशेष स्थान में सगरी बनवा कर सामूहिक रुप से पूजा करती है। इस दौरान प्रसाद पाने के लिए बच्चों का भीड़ वहां उमड़ी रहती है।

### खम्हरछठ का निर्जला कठिन उपवास

हलषष्ठी व्रत को छत्तीसगढ़ में खम्हर छठ उपवास कहा जाता है। चूंकि उपवास के दिन बड़े फजर से ही सबसे पहले खम्हार वृक्ष के छोटी टहनी का दातौन किया जाता है। इसलिए इसका नाम खम्हर छठ पड़ गया। इस दिन कठिन उपवास रखने वाली संतानवती माताएं बहनें पूजा होने तक निर्जला उपवास रहती है। इस दिन गाय के दूध के बजाय भैंस का दूध-दही का उपयोग किया जाता है। इसी तरह धान के चांवल की जगह बगैर जुताई किए स्थान में पैदा हुए पसहर चांउर का उपयोग किया जाता है। भगवान को अर्पित करने गेहूं दाने, जौ दाने चना बटरा, महुआ लाई आदि पांच प्रकार के अन्न व अन्य पूजन सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। बाजार में पांच प्रकार के अन्न दाने वाला पैकेट 10 रुपए में तथा दोने पत्तल के पूरे सेट 50 रुपए में बेचे जा रहे हैं।

### श्रीकृष्ण बलराम की तरह संतान की कामना

ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्मदिन होने के कारण हल से जुती हुई फसल के अनाज व अन्य पूजा सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता। आंगन में बने सगरी में जलार्पण दुग्धार्पण सहित सहित उक्त अन्नों का चढ़ावा अर्पित कर भगवान श्री कृष्ण बलराम की तरह अपने संतान की दीर्घायु की कामना करते हुए पूरे भक्ति-भाव से पूजा की जाती है। इसके बाद पंड़ित-पुरोहितों से षष्ठी माता व अन्य प्रासंगिक कथा श्रवण कर बड़े-बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया जाता है। तत्पश्चात ही भैंस के दूध-दही से निर्मित पसहर चांउर के प्रसादी ग्रहण कर व्रत का समापन किया जाता है। गुरुवार को सोलह श्रृंगार युक्त संतानवती माताएं-बहनें द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में सगरी पूजन का नजारा बना रहेगा।

| शुभांक |
|---|
| बी. के |
| 1-5-9 |
| 568-9 579-1 |
| राजधानी |
| 3-4-8 |
| 456-5 168-5 |

अनुमानित

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### अंकसूची गुम सूचना

मैं रामखिलावन सिन्हा आ. नन्दूराम सिन्हा पता-पुराना बस स्टैण्ड थाना कोतवाली के पीछे क्वाटर नंबर एच.बी. 01/04 पुलिस लाईन, राजनांदगांव का निवासी हूँ। मेरे पुत्र हुमेन्द्र कुमार सिन्हा की कक्षा 8 वीं की वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण किया था जिसका ओरिजनल मार्कशीट दिनांक 05/06/2025 को पुराना बस स्टैण्ड सिटी कोतवाली थाना राजनांदगांव जाते समय गुम हो गई, जिसे खोजने पर भी नहीं मिली। जिसके मिलने की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। मुझे डुप्लीकेट मार्कशीट प्रदान करने की कृपा करें।

**रामखिलावन सिन्हा**
**आ. नन्दूराम सिन्हा**
पता-पुराना बस स्टैण्ड थाना कोतवाली के पीछे क्वाटर नंबर एचबी 01/04 पुलिस लाईन, राजनांदगांव

### अंकसूची गुम सूचना

मैं रामखिलावन सिन्हा आ. नन्दूराम सिन्हा पता-पुराना बस स्टैण्ड थाना कोतवाली के पीछे, क्वाटर नंबर एच.बी. 01/04 पुलिस लाईन, राजनांदगांव का निवासी हूँ। मेरे पुत्र तेजेन्द्र सिन्हा की कक्षा 6 वीं की वर्ष 2018-19 में उत्तीर्ण किया था जिसका ओरिजनल मार्कशीट दिनांक 05/06/2025 को पुराना बस स्टैण्ड, सिटी कोतवाली थाना राजनांदगांव जाते समय गुम हो गई, जिसे खोजने पर भी नहीं मिली। जिसके मिलने की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। मुझे डुप्लीकेट मार्कशीट प्रदान करने की कृपा करें।

**रामखिलावन सिन्हा**
**आ. नन्दूराम सिन्हा**
पता-पुराना बस स्टैण्ड थाना कोतवाली के पीछे क्वाटर नंबर एचबी 01/04 पुलिस लाईन, राजनांदगांव

## देश में लोकतंत्र नहीं, संविधान को रौंदने वाला भाजपाई तंत्र चल रहा है - पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने देश में व्याप्त राजनीतिक अव्यवस्था को देखते हुए तथा व्याप्त परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है। जिस तरह भाजपाई दादागिरी कर देश को चला रहे हैं। उससे तो लगता है कि देश का भगवान ही मालिक है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र नहीं बल्कि संविधान को रौंदने वाला भाजपाई तंत्र चल रहा है। इससे हर राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि हर देशवासी खफा हैं। राजनीतिक दलों के वोटों की कोई कदर हो रही बल्कि पिछले दरवाजे से दूसरों की हो जा रही है। यही वजह है कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष सत्ताधारी दल भाजपा पर वोट चोरी का सवाल उठा रहे।

देश की सभी विपक्षी दल को हांसिए पर रखकर पूरी दादागिरी से देश चला रहे भाजपा के अंडर ही सीबीआई, इडी है। उनके ही अंडर आयकर वाले और चुनाव अधिकारी भी है। जो जिसको चाहे जेल के अंदर व बाहर कर रहे है और हरा और जीता दें रहे हैं। यहां तक कि न्यायालय के फैसले भी उनके हक और हित में होने लगे हैं। ऐसे हालात में सिर्फ एक आदमी राहुल गांधी ही इस अलोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ पूरे दमखम के साथ आवाज उठा रहा है, लेकिन उनकी भी आवाज दबाने का पूरा प्रयत्न हो रहा है। श्री पिल्ले ने चुनाव धांधली पर भी उंगली उठाई है और कहा कि विपक्षियों को मिलने वाले वोटों में भी हेराफेरी किया जा रहा है। नए मतदाता शामिल कर जीत का सेहरा अपने माथे पर बांधा जा रहा है। ऐसे में सही राजनीतिक दल और मजबूत विपक्ष नहीं होने से देश का बंटाधार होना निश्चित है।

## पूर्व सैनिकों द्वारा 15 को 'एक शाम राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, राष्ट्र सेविका समिति, विभाग डोंगरगढ़ द्वारा 15 अगस्त को 'एक शाम राष्ट्र के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना को समर्पित होगा। जिसमें पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा के अनुसार, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक भाई और मुख्य वक्ता के तौर पर संभाग प्रचारिका सुश्री शारदा चंद्रा दीदी उपस्थित रहेगी। यह विशेष कार्यक्रम डोंगरगढ़ के निषाद भवन, राधिका नगर, वार्ड नंबर 24 में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, पूर्व सैनिकों ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने घर से पांच-पांच दीपक लेकर आएं, ताकि पूरा वातावरण देशभक्ति की रोशनी से जगमगा उठे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाखा कार्यवाहिका श्रीमती वैशाली देशकर और जिला कार्यवाहिका श्रीमती रितु शर्मा ने भी अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। जिससे स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व और भी सार्थक और यादगार बन सके।

## बीजेपी ने 'मोर तिरंगा-मोर अभिमान' के तहत स्वच्छता अभियान का किया ऐलान

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देश पर 'मोर तिरंगा-मोर अभिमान' कार्यक्रम के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा' अभियान के साथ-साथ स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान उत्तर और दक्षिण मंडल द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

यह स्वच्छता अभियान 13 और 14 अगस्त को कई प्रमुख स्थानों पर आयोजित होगा। 13 अगस्त को सुबह 7 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास, सुबह 7:30 बजे दिल्ली दरवाजा के पास सुभाष चंद्रबोस की प्रतिमा के पास। 14 अगस्त को सुबह 7 बजे गौरव स्थल, गणेश मंदिर के बाजू जी.ई. रोड एवं सुबह 7 बजे कौरिनभाटा में कमला कॉलेज के आगे स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पास से होगा।

इस कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठजन, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत (गोलू) गुप्ता और उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा दोनों मंडलों के पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकारिणी सदस्य और युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। स्वच्छता अभियान के संयोजकों में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव वर्मा, पूर्व दक्षिण मंडल महामंत्री हकीम खान, रघुवीर वाधवा और सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष सिंह शामिल हैं। इस अभियान में सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुनी। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## युगांतर स्कूल के शुभांशु नेशनल रोलर स्केटिंग में



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र शुभांशु कश्यप ने जोनल स्तरीय रोलर स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। शुभांशु के अलावा जोनल स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में मोहक लांधे, आशीष मिंज का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इन विद्यार्थियों ने स्केटिंग कोच नवनीत द्विवेदी के मार्गदर्शन में जोनल स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया शुभांशु स्केटिंग कोच नवनीत द्विवेदी के साथ नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेने 28 अक्टूबर को गुरूग्राम हरियाणा के लिए रवाना होंगे। नेशनल रोलर स्केटिंग प्रतिस्पर्धा वेदास इन्टरनेशनल गुरूग्राम हरियाणा में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने शुभांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# मिनीमाता ने सामाजिक कुरीतियों और बुराई के खिलाफ किया आजीवन संघर्ष - डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरूघासीदास सांस्कृतिक भवन में आयोजित ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस, जनप्रतिनिधि एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जिला सतनामी सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिला सतनामी सेवा समिति की मांग पर 10 लाख रूपए तक के विकास कार्यों के लिए घोषणा की। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मिनीमाता ने वर्ष 1952 में पहली महिला सांसद मध्यप्रदेश से होने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मिनीमाता ने देश की महिलाओं के स्वतंत्रता, शिक्षा, प्रगति के लिए कार्य किया। मिनीमाता ने सामाजिक कुरीतियों और बुराई के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। मिनीमाता ने अस्पृश्यता निवारण कानून बनाने के लिए लोकसभा में प्रखर तर्कों के साथ अपनी बातें रखी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि बाबा गुरूघासी दास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को मिनीमाता ने दुनिया में प्रचारित किया। सभी समाज को साथ लेकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य किया। आज देश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रेरणा का स्त्रोत देखते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मिनीमाता जैसे बेटियां आगे बढ़कर समाज के लिए प्रेरणा बने और उनके जीवन में खुशहाली आए। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के माध्यम से अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के विकास के लिए राशि को बढ़ाकर 75 करोड़ रूपए रखी गई है। महिला पॉलिटेक्नीक कॉलेज का नाम ममतामयी मिनीमाता के नाम से है। इसके साथ ही महिला पॉलिटेक्नीक कॉलेज परिसर में प्रतिमा स्थापित करने की बात कही। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल एवं पूर्व विधायक रामजी भारती ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, धनेश पाटिला, अपर कलेक्टर सीएल मारण्कडेय, अध्यक्ष जिला सतनामी सेवा समिति युवराजदास ढीरहेर, उपाध्यक्ष कमलेश्वर सांडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सतनाम समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**मिनीमाता ने देश की महिलाओं के स्वतंत्रता, शिक्षा, प्रगति के लिए किया कार्य**

# गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में झांकी समितियों व साउंड सिस्टम संचालकों की ली गई बैठक



राजनांदगांव (दावा)। शहर की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा को लेकर शहर में जहां भव्य तैयारियां होने लगीं है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा भी इस भव्य परंपरा को निष्कंटक रुप से संपन्न करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिला पंचायत के सभागार में शहर के तमामों गणेशोत्सव समितियां व पंडाल वाले, डीजे वाले की एक बैठक ली गई है। बैठक में जहां झांकी व साउंड सिस्टम संचालन के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी से परमिशन लेने के निर्देश दिए गए है। वहीं सभी झांकी समितियों को विद्युत लाईन को ध्यान में रखते हुये झांकी तैयार करने के लिए भी ताकीद किया गया है। इसके अलावा मानक तरीके से निर्धारित साउंड सिस्टम का संचालन एवं छोटी वाहनों का इस्तेमाल किये जाने व समितियों को साउंड सिस्टम पर असभ्य गाने न बजाये जाने के भी निर्देश दिये गये है।

बता दें कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगरवासियों द्वारा चौक चौराहों में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। समितियो द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक झांकिया निकाल कर शहर में घुमाया जावेगा। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रवासी एकत्रित होकर विसर्जन में सम्मिलित होकर झाकियो का आनंद लेते है। झांकी के दौरान शहर में काफी भीडभाड रहती है। गणेश उत्सव पर्व (झांकी) को शांतिपूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अपर कलेक्टर सी एल मारकंडे, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एस डी एम खेम लाल वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन तथा थाना प्रभारीयों की उपस्थिति में जिला पंचायत कार्यालय के सभागृह में झांकी समितियो के सदस्यों की बैठक लिया गया। जिसमें झांकी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पदाधिकारियो तथाशहर के गणमान्य नागरिक गण के समक्ष, रोड के बीचो-बीच पंडाल ना लगने व झांकी निकालने के दिन रूट निर्धारण तथा साउंड सिस्टम को लेकर चर्चा हुई,

**झांकी निकालने का रूट चार्ट व पंडाल व्यवस्था पर चर्चा कर बनाई गई सहमति**

### गंज चौक में झांकियां होगी समाप्त

बैठक में सभी समितियां के सदस्यों द्वारा उक्त निर्णय पर सहमति व्यक्त किया गया कि गुरुद्वारा से मानव मंदिर, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक होते हुए गंज चौक में झांकी समाप्त की जाएगी। उपस्थितों द्वारा इस पर सहमति प्रदान किया गया तथा साउंड सिस्टम के लिए शासन प्रशासन के दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए झांकी निकालने के बात पर सहमति दिए, सुरक्षा संबंधित तथ्यों पर विचार किया गया तथा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये और उनके सुझाव भी सुने गये।

# स्कूल कबड्डी संभागीय टूर्नामेंट : राजनांदगांव की बालिका टीम ने दुर्ग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया



राजनांदगांव (दावा)। स्कूल कबड्डी के संभागीय टूर्नामेंट में राजनांदगांव जिले की महिला कबड्डी टीम ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए फाइनल मुकाबले में दुर्ग जिले को 31 अंकों के बड़े अंतर से एकतरफा मात दी। यह ज्ञात हो कि राजनांदगांव की महिला कबड्डी टीम को छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ टीमों में गिना जाता है। टीम ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 31 अंकों से जीत हासिल कर अपने पिछले रिकॉर्ड को कायम रखा।

इस ऐतिहासिक जीत पर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव तुलसी मांडवी, नगर निगम कबड्डी संघ के महेश साहू और तीरथ गोस्वामी ने सभी खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को हार्दिक बधाई दी है। कोच ललित साहू को भी उनकी मेहनत और मार्गदर्शन के लिए विशेष रूप से बधाई प्रेषित की गई है।

# दिग्विजय कालेज में पीजी का दाखिला प्रारंभ

## कमला व शिवनाथ से यूजी के तीनों संकाय में भर्ती का अंतिम अवसर



राजनांदगांव (दावा)। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय में यूजी की लगभग सभी सीटें भर जाने के पश्चात अब पीजी के विद्यार्थियों के लिए दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बताया जा रहा है कि पुर्व में विभिन्न संकायों के जिन सीटों के रिक्त रह गए है जिनमें विद्यार्थियों का दाखिला नहीं हो पाया है। उसके लिए विश्व विद्यालय कुलपति की अनुशंसा से सीटें भरी जा रही है।

इधर प्रदेश के सबसे बड़े आटोनामस शास. दिग्विजय महाविद्यालय में लगभग सभी सीटें भर जाने के पश्चात विद्यार्थियों को दूसरे कालेज में भी दाखिला का मौका मिल रहा है। शहर के कमला देवी महाविद्यालय व शिवनाथ साइंस कालेज में यूजी के तीनों संकाय में एडमिशन के लिए अंतिम मौका है। यहां तीनों संकाय की सीटें खाली हैं। जो छात्र दिग्विजय कालेज में प्रवेश नहीं पा सके और उनका इन दोनों कालेज में फार्म जमा किया गया है तो वे यहां प्रवेश पा सकते हैं।

### दिग्विजय में 14 तक हो जाएगी सीटें फूल

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि यहां यूजी की अधिकांश सीटें भर चुकी है। केवल गणित व कुछ संकायों में एक- दो सीटें खाली है। इधर यूजी की अधिकांश सीटें भरने के बाद पीजी के विभिन्न संकायों का दाखिला शुरू कर दिया गया है। एम काम, एमएससी, मैथ्स, बायो टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर आदि के लिए प्रवेश दिया जा रहा है। उक्त संकाय के सीटों को भरने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि कल 14 अगस्त तक यह सीटें भर जाएगी। साथ ही बताया कि उपरोक्त संकायों में प्रवेश के बाद नियमित पढ़ाई भी जारी हो गई है।

### कमला व शिवनाथ में भरी जाएगी सीटें

जिन विद्यार्थियों को दिग्विजय कालेज में किन्हीं कारणों से दाखिला नहीं मिल पाया है। उन्हें शहर के कमला कालेज एवं शिवनाथ महाविद्यालय में दाखिला का अच्छा मौका मिल रहा है। कमला कालेज में यूजी में बीए, बी काम, गणित और होम साइंस में अब भी सीटें खाली बची हुई है। यहां एडमिशन की अंतिम तिथि 14 अगस्त यानि की कल तक ही ही। बताया गया है कि विद्यार्थी इन खाली सीटों में एडमिशन ले सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार कमला कालेज में 1800 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। यहां अब तक 1150 सीटों में एडमिशन दिया गया है। वहीं करीब 550 प्रमोट होंगे। सभी संकायों में लगभग 100 सीटों में एडमिशन दिया जाएगा। वेटिंग लिस्ट वालों को सूचना दे दी गई है। बहरहाल दिग्विजय कालेज में जिन विद्यार्थियों का एडमिशन नहीं हो पाया है। उन विद्यार्थियों के लिए कमला कालेज व शिवनाथ महाविद्यालय में दाखिले के लिए अच्छा मौका है। बशर्ते वे विद्यार्थी कमला कालेज व शिवनाथ महाविद्यालय में फार्म जमा किया हो। इसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त है। बताया जा रहा है कि उक्त एडमिशन की अंतिम तिथि आगे बढ़ेगी या नहीं यह विश्वविद्यालय के उपर निर्भर करता है।

# पेण्ड्री में धूमधाम से मनाया गया भोजली महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर वार्ड क्रमांक 20, पेण्ड्री में भोजली महोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस दौरान, वार्ड की महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में बाजे-गाजे के साथ भोजली को लेकर मोहल्ले और वार्ड का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद सभी ने भोजली को मां शीतला मंदिर ले जाकर पूजा-अर्चना की और फिर तालाब में विसर्जित किया। इस कार्यक्रम में पार्षद कुलेश्वर ध्रुव और वार्ड विकास समिति के प्रमुख सदस्य, जैसे बेलस राम ठाकुर, मेघदास वैष्णव, ईशाक खान, परस लहरे, तालुक देवदास, अंदरूस ठाकुर, गणेश सुपले, लक्ष्मण ठाकुर, नंदकुमार नेताम, लोभांश साहू, मोहन खरे, तानेश्वर ठाकुर, दयालू खरे, ईश्वर साहू, उमेन्द्र नेताम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। इस सफल आयोजन की जानकारी वार्ड विकास समिति के सलाहकार मेघदास वैष्णव ने दी।

# छत्तीसगढ़ में 'सनातन गुरुकुल आध्यात्मिक केंद्र' की स्थापना



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म की शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सनातन गुरुकुल आध्यात्मिक केंद्र' की शुरुआत की जा रही है। छग सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त यह पहला केंद्र नेहरू नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास 16 अगस्त को प्रारंभ होगा।

सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि इस केंद्र में विभिन्न प्रांतों के विद्वानों द्वारा वैदिक सनातन संस्कार, ज्योतिष, वास्तु, पूजा-पाठ, कर्मकांड, श्रीमद्भागवत, रामायण और योग की शिक्षा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, ज्योतिषियों द्वारा कुंडली समाधान का विशेष ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा के पंडित अरुण मिश्रा, संतोष पटाक और कमल शर्मा द्वारा की जा रही है। जिसका उद्देश्य इसे पूरे छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में संचालित करना है। पटाक ने कहा कि हिंदू मंदिरों में हर साल एक लाख करोड़ रुपये का दान आता है। जिसका उपयोग सरकार द्वारा अन्य जगहों पर किया जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि यह पैसा सिर्फ हिंदू धर्म से जुड़े कार्यों में लगाया जाए तो पूरे हिंदुस्तान में सनातन गुरुकुल और संस्थाएं खोली जा सकती हैं। इससे गांव-गांव और शहर-शहर में हिंदू धर्म के लोगों को लाभ मिलेगा और हमारा सबसे पुराना सनातन धर्म और मजबूत होगा। इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ के प्रभारी कमल शर्मा ने दी।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान : मार्री प्राथमिक शाला के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर दी प्रेरणा



राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे तिरंगा महोत्सव 2025 के तहत 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला मार्री के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी चित्रकला से तिरंगा बनाया और भारत माता की जयघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने देशभक्ति गीत गाकर पूरे गांव में देश प्रेम का जोश भरा। इस तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय प्राथमिक शाला मार्री के प्रधान पाठक किशन श्यामकुंवर, सहायक शिक्षक मुकेश कोमरे, अतिथि शिक्षक रोहित साहू और बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशप्रेम की भावना से जोड़ना है।

# नशामुक्त भारत की 5वीं वर्षगांठ पर शा. शिवनाथ कॉलेज में होगा मेगा कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को शासकीय शिवनाथ साइंस कॉलेज, राजनांदगांव में एक मेगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्य म समाज कल्याण विभाग, राजनांदगांव एवं समता जन कल्याण समिति द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह उपस्थित रहेंगी। साथ ही समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक वैशाली मरड़वार, शासकीय शिवनाथ साइंस कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे तथा समता जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिशुपाल खोबरागड़े भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की उपस्थिति रहेंगे। इस अवसर पर सभी अतिथिगण नशामुक्त समाज विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। विद्यार्थियों के बीच 'नशामुक्त भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्रों द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति केंद्र, राजनांदगांव से नागेश मुंजारे केंद्र की गतिविधियों एवं नशामुक्ति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ ग्रहण से किया जाएगा, जिसमें उपस्थितजन भारत को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेंगे। यह आयोजन समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने तथा युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रयास रहेगा।

# विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

राजनांदगांव (दावा)। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। उल्लास और खुशी के साथ आजादी के उत्सव को मनाने के लिए छुरिया विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल हैदलकोड़ा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमरी, राजनांदगांव विकासखंड के ठाकुर प्यारे लाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेलीनबांधा सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर स्वतंतत्रा के संदेश एवं महत्व को बताया गया।

# भाजपा मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत कल निकलेगी तिरंगा यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला भाजपा ने तिरंगा यात्रा की तैयारी शुरू कर दी हैं और आज 13 अगस्त से 15 अगस्त तक लगातार मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक बूथ में घर-घर तिरंगे लगाए जाएंगे। इसके लिए एक बूथ में 50 तिरंगे का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता अपने घर में तिरंगा झंडा फहराएंगे तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने सभी मंडलों की तिरंगा यात्रा की सूची जारी की है।

# महावीर वार्ड में पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन शिविर



राजनांदगांव(दावा)। महावीर वार्ड क्रमांक 37 में सोमवार 11 अगस्त को पार्षद कार्यालय परिसर में पेंशन हितग्राहियों के लिए विशेष सत्यापन शिविर का सफल आयोजन किया गया। पार्षद जैनम बैद के नेतृत्व और वार्ड टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सुबह से ही लाभार्थियों का उत्साह देखने लायक था। वरिष्ठजन, विधवा बहनें और दिव्यांगजन पहुंचे बड़ी संख्या में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों के लिए यह शिविर बेहद महत्वपूर्ण रहा। वार्ड के विभिन्न मोहल्लों और गलियों से वरिष्ठ नागरिक, विधवा बहनें और दिव्यांगजन अपने दस्तावेज़ों के साथ समय पर पहुंचे। शिविर में आधार कार्ड और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से सत्यापन प्रक्रिया पूरी की गई। जिससे लाभार्थियों के रिकॉर्ड को अपडेट किया जा सका।

### सुबह से शाम तक जारी रही भीड़

सुबह 10 बजे से शुरू हुई प्रक्रिया में दोपहर बाद भी हितग्राहियों का लगातार आना-जाना बना रहा। पार्षद कार्यालय में उपस्थित स्टाफ और सहयोगियों ने आने वाले हर लाभार्थी का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सत्यापन की सभी औपचारिकताओं में मदद की। सत्यापन के लिए आए बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को बैठने, पानी पीने और छाया में आराम करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**सैकड़ों लाभार्थियों ने लिया लाभ प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी**

### सत्यापन के बाद मिलेगी पेंशन योजना का लाभ

शिविर में हुए सफल सत्यापन के बाद लाभार्थियों को आगे भी राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन योजना शामिल हैं, जो पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करती हैं।

### पार्षद जैनम बैद ने जताया आभार

पार्षद जैनम बैद ने शिविर में शामिल सभी लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि वार्ड के हितग्राही समय पर आकर प्रक्रियाओं को पूरा करते हैं। यह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि आपके अधिकारों की सुरक्षा का माध्यम है। मैं इस कार्य में योगदान देने वाले सभी सहयोगी साथियों, अधिकारियों और स्टाफ का दिल से धन्यवाद करता हूँ। जनसेवा ही मेरा संकल्प है और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

### स्थानीय जनता में सराहना

शिविर की व्यवस्था सहयोगपूर्ण माहौल और सुचारू संचालन को लेकर स्थानीय जनता ने भी पार्षद और उनकी टीम की प्रशंसा की। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि इस तरह के शिविर से उन्हें न केवल सुविधा मिलती है, बल्कि सरकारी योजनाओं के लाभ को समय पर प्राप्त करने में भी मदद होती है।

# ई-फाईल के माध्यम से सभी विभागों में होना चाहिए कार्य - सुश्री सुरुचि सिंह




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पर्व के लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल सहित अन्य मुद्दों पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को सुबह 8.40 बजे स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए रिहर्सल की जाएगी। 14 अगस्त को सुबह 7.20 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी करें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि ई-फाईल के माध्यम से सभी विभागों में कार्य होना चाहिए। अभी जिला स्तर पर यह कार्य चल रहा है। बाद में विकासखंड स्तर पर भी हो सकता है। सभी विभाग इसके लिए सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली बनाने तथा पालक चौपाल में तिरंगा भोजन बच्चों को देने तथा महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे तिरंगा के संबंध में जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागों को इसकी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मानिटरिंग डैशबोर्ड के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। उन्होंने इस योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कहा। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले के ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। 10 अगस्त से इसके लिए मुनादी की जाएगी। 20 अगस्त से इसके लिए सभी ग्रामों में शिविर लगाई जाएगी। शिविर में सरपंच, सचिव अन्य अमला उपस्थित रहेंगे। अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में शासन की उपलब्धियों के लिए प्रदर्शनी, पोषण मेला सहित विविध आयोजन होंगे। सभी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने कहा।

**○ 14 को सुबह 7.20 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन**
**○ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा**

## अनमोल दावा

**“अपने जीवन को सकारात्मकता से भरें, और नकारात्मकता को दूर भगाएं।**

# भारत के लिए सुनहरा अवसर चुनौतियों से निपटने के लिए अमिताभ कांत के सुझाव

विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और भारत की परीक्षा हो रही है, लेकिन हर चुनौती एक अवसर भी लेकर आता है। टैरिफ और प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियां हमारे संकल्प को कमजोर नहीं करनी चाहिए। उन्हें हमें प्रेरित करना चाहिए। भारत को साहसिक कदम उठाकर अवसर को भुनाना होगा। यह हमारे लिए पीढ़ी में एक बार मिलने वाला नेतृत्व करने का अवसर है। इसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

27 अगस्त से भारत पर अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा, जो राष्ट्रपति ट्रंप के %पारस्परिक% शुल्क में सबसे अधिक है। अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूस से तेल खरीदकर रूस की वित्तीय मदद कर रहा है, लेकिन तुर्किए पर यह शुल्क 15 प्रतिशत ही है। यूरोपीय संघ के बराबर है। तुर्किये रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है। उसने जनवरी 2022 से रूसी गैस के लिए 297 अरब यूरो का भुगतान किया है। व्हाइट हाउस को यह भी पता नहीं कि अमेरिका रूस से उर्वरक का आयात करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-अमेरिका आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक संबंधों में भारी निवेश किया है, लेकिन अमेरिका का टकराव वाला रुख भविष्य के सहयोग को प्रभावित करेगा। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं कर सकते। यह भी स्पष्ट है कि भारत झुकने से इन्कार कर रहा है। ऐसा ही हमने अतीत में कई बार किया है। वैश्विक दबाव हमें डराने के बजाय इसके लिए प्रेरित करने वाला होना चाहिए कि हम वे ऐतिहासिक सुधार करें, जिनकी हमें सख्त जरूरत है।

जीएसटी ने अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में सहायता की है। समय आ गया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ जीएसटी सुधार आगे बढ़ाए जाएं। हमें दो-दर वाले जीएसटी ढांचे की ओर बढ़ना चाहिए और उसकी प्रक्रियाओं में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहिए। नई पंजीकृत कंपनियों और स्टार्टअप्स को जीएसटी नंबर, उनके पैन-टैन के साथ मिलने चाहिए। जीएसटी पंजीकरण के लिए किसी आफिस जाने की जरूरत को तकनीक के माध्यम से कम किया जाना चाहिए। आयकर सुधार भी लागू करने ही होंगे।

दस साल पहले, कारोबार सुगमता में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए। इसके अच्छे परिणाम मिले। अब एक कदम और आगे बढ़कर भारत को कारोबार करने के लिए सबसे आसान ठिकाना बनाया जाए। श्रम संहिता के नियमों को अधिसूचित करने जैसे लंबित कार्य तुरंत पूरे किए जाएं। राज्यों को क्रमिक सुधारों से आगे बढ़कर सिंगल-विंडो क्लीयरेंस को वास्तव में अपनाना होगा। कई जटिल प्रक्रियाएं अब तक नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम(एनएसडब्लूएस) में शामिल नहीं की गई हैं।निजी उद्यमों के लिए पूंजी की लागत कम करनी होगी। सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी संपत्तियों का 18 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में रखना अनिवार्य है।

इससे अर्थव्यवस्था में कर्ज लायक निधि का पूल घटता है और निजी उद्यमों के लिए पूंजी की लागत बढ़ जाती है। एसएलआर को शून्य पर लाना चाहिए। इससे लाखों करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज देने का रास्ता खुलेगा और पूंजी की लागत घटेगी। हमें यह मानना होगा कि एक उदार व्यापार व्यवस्था हमारे मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी है। हाल के वर्षों में गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीक्यू) की संख्या बढ़ी है। ये जरूरी आयात की लागत बढ़ाते हैं और देश में निर्मित उत्पादों को वैश्विक बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। इन क्यूसीक्यू को खत्म किया जाना चाहिए। हमारे यहां कुछ वस्तुओं पर टैरिफ बहुत अधिक है। इन्हें घटाना होगा। हमें व्यापार समझौतों पर वार्ता को तेज करके अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण करना होगा।

पर्यटन पर कोई टैरिफ नहीं है। भारत अपनी प्राकृतिक सुंदरता, विरासत, संस्कृति और विविधता के साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आगमन में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। यदि हम अनिवासी भारतीयों के आगमन को हटा दें, तो यह संख्या और भी कम हो जाती है। पिछले दशक में भारतीय पर्यटन के लिए कोई प्रभावी ब्रांडिंग अभियान नहीं चला। जब अनेक देश पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रयास तेज कर रहे हैं, तब हम पीछे हैं।

हमें भारत की संभावनाओं को उजागर करने के लिए अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक ब्रांडिंग और मार्केटिंग अभियान चलाना चाहिए, अन्यथा जिन 1800 विमानों को भारतीय एयरलाइंस खरीद रही हैं, वे सिर्फ विदेश में छुट्टियां मनाने जा रहे भारतीयों को ले जाने का काम करेंगे। हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करना होगा।

आगंतुकों के लिए हमारे शहर पहला प्रभाव छोड़ते हैं। लंबे समय से शहरों का शासन ठप पड़ा है। वह वित्त, योजना और मानव संसाधन के लिए राज्य सरकारों पर निर्भर है। शहरों को शक्तियां सौंपने वाले संवैधानिक संशोधन व्यवहार में लागू नहीं हुए हैं। हमें अपने शहरों को वास्तव में स्वायत्त और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना होगा।

2021-22 के बजट में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की नई नीति (पीएसई) की घोषणा की गई। इसे मिशन मोड में लेना होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में विनिवेश से केवल 10,000 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए। हमें अल्पांश हिस्सेदारी बिक्री से आगे बढ़कर रणनीतिक विनिवेश करना होगा। हाल के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये की एसेट मोनेटाइजेशन योजना की जो घोषणा की।

# शिव के तांडव नृत्य का सिलसिला अभी भी जारी

**प्रमोद भार्गव**

**भगवान भोले नाथ का गुस्सा प्रतीक रूप में मौत के तांडव नृत्य में फूटता है। देवभूमि उत्तराखंड में शिव के इस तांडव नृत्य का सिलसिला केदारनाथ में 2013 में आई प्राकृतिक आपदा के बाद से अभी भी जारी है। उत्तरकाशी जिले की खीर गंगा नदी और धराली में बादल फटने और हंसलि के तेलगाड़ नाले में बाढ़ आने से बड़ी तबाही हुई है। धराली में 50 से ज्यादा घर, 30 होटल और 30 होमस्टे मलबे में बदल गए। जो खीर नदी 10 मी. चौड़ी थी, वह जल प्रवाह से 39 मी. चौड़ी हो गई। अतएव जो भी सामने पड़ा उसे लीलती चली गई। प्रशासन चार लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के लापता होना बता रहा है। लेकिन हिमालय के बीचोंबीच बसे खूबसूरत धराली गांव में सैलाब जैसे नीचे उतरते दिखा, उससे लगता है कि मौतें कहीं अधिक हुई हैं। पलय इतनी तीव्रता से आई कि उसकी कान के पर्दे फाड़ देने वाली गर्जना सुनने के बाद लोगों को बचने का समय ही नहीं मिल पाया। बादल फटना अनायास जरूर है, लेकिन ये करीब 10 किमी. व्यास की परिधि में फटने के बाद अति वृष्टि का कारण बनते हैं। 10 सेंमी. या उससे अधिक बारिश को बादल फटने की घटना के रूप में पारिभाषित किया जाता है। बादल फटने की घटना के दौरान किसी एक स्थान पर एक घंटे के भीतर उस क्षेत्र में होने वाली औसत वार्षिक वर्षा की 10 प्रतिशत से अधिक बारिश हो जाती है। मौसम विभाग वर्षा का पूर्वानुमान कई दिन या माह पहले लगा लेता है, लेकिन मौसम विज्ञानी बादल फटने जैसी बारिश का अनुमान नहीं लगा पाते।**



समृद्धि, उन्नति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का चरम छू लेने के बावजूद प्रकृति का प्रकोप धरा के किस हिस्से के गर्भ से फूट पड़ेगा या आसमान से टूट पड़ेगा, यह जानने में हम अक्षम हैं। भूकंप की तो भनक भी नहीं लगती। जाहिर है, इसे रोकने का एक ही उपाय है कि विकास की जल्दबाजी में पर्यावरण की अनदेखी न करें। ध्यान रखें कि अंततः हमारी वर्तमान अर्थव्यस्था का मजबूत आधार अटूट प्राकृतिक संपदा और खेती ही हैं। लेकिन उत्तराखंड हो या प्राकृतिक संपदा से भरपूर अन्य प्रदेश उद्योगपतियों की लॉबी जीडीपी और विकास दर के नाम पर पर्यावरण संबंधी कठोर नीतियों को लचीला बना कर अपने हित साधने में लगी हैं। विकास का लॉलीपॉप प्रकृति से खिलवाड़ का कारण बन गया है।

उत्तराखंड, उप्र से विभाजित होकर 9 नवम्बर, 2000 को अस्तिव में आया था। तेरह जिलों में बंटे इस छोटे राज्य की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1 करोड़ 11 लाख है। 80 फीसद साक्षरता वाला यह प्रांत 53,566 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। उत्तराखंड में भागीरथी, अलकनंदा, गंगा और यमुना जैसी बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली नदियों के उद्गम स्थल हैं। इन नदियों के उद्गम स्थलों और किनारों पर पुराणों में दर्ज अनेक धार्मिक-सांस्कृतिक स्थल हैं। इसलिए इस भूभाग को धर्म-ग्रंथों में देवभूमि कहा गया है। यहां के वनाच्छादित पहाड़ अनूठी जैव- विविधता के पर्याय हैं। तय है कि उत्तराखंड प्राकृतिक संपदाओं का खजाना है। इसी बेशकीमती भंडार को सत्ताधारियों और उद्योगपतियों की नजर लग गई है, जिसकी वजह से पलय जैसे प्रकोप बार-बार इस देवभूमि में बर्बादी की आपदा बरसा रहे हैं।

उत्तराखंड की तबाही की इबारत टिहरी में गंगा नदी पर बने बड़े बांध के निर्माण के साथ ही लिख दी गई थी। बांध के निर्माण में विस्फोटकों के इस्तेमाल ने धरती के अंदरूनी पारिस्थितिकी तंत्र के ताने-बाने को खंडित कर दिया। विद्युत परियोजनाओं और सड़कों का जाल बिछाने के लिए भी धमाकों का अनवरत सिलसिला जारी रहा। अब यही काम रेल पथ के लिए सुरंगें बनाने में सामने आ रहा है। विस्फोटों से फैले मलबे को भी नदियों और हिमालयी झीलों में ढहा दिया जाता है। नतीजतन, नदियों का तल मलबे से भर गए हैं। परिणामस्वरूप इनकी जल ग्रहण क्षमता नष्ट हुई और जल प्रवाह बाधित हुआ। अतएव जब भी तेज बारिश आती है तो तुरंत बाढ़ में बदल कर विनाशलीला में तब्दील हो जाती है।

बादल फटने के केदारनाथ और अब धराली जैसे परिणाम निकलते हैं। उत्तरकाशी, जोशीमठ में तो निरंतर बाढ़ और भू-स्खलन देखने में आ रहे हैं, इस क्षेत्र के सैकड़ों मकानों में भूमि धसकने से बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। भू-स्खलन के अलावा इन दरारों की वजह कालिंदी और असिगंगा नदियों पर निर्माणाधीन जल विद्युत और रेल परियोजनाएं भी हैं। उत्तराखंड जब स्वंतत्र राज्य नहीं बना था, तब इस देवभूमि क्षेत्र में पेड़ काटने पर प्रतिबंध था। नदियों के तटों पर होटल नहीं बनाए जा सकते थे। निजी आवास बनाने तक पर रोक थी।

लेकिन उत्तर प्रदेश से अलग होने के साथ ही केंद्र से बेहिसाब धनराशि मिलना शुरू हो गई। इसे ठिकाने लगाने के नजरिए से स्वयंभू ठेकेदार आगे आ गए। उन्होंने नेताओं और नौकरशाहों का एक मजबूत गठजोड़ गढ़ लिया और नये राज्य के रहनुमाओं ने देवभूमि के प्राकृतिक संसाधनों की लूट की खुली छूट दे दी। दवा कंपनियां औषधीय पेड़-पौधों और जड़ी-बूटियों के दोहन में लग गई हैं। भागीरथी, खीरगंगा और अलंकनदा के तटों पर बहुमंजिला होटल और आवासीय इमारतों की कतार लग गई है। पिछले 25 साल में राज्य सरकार का विकास के नाम पर प्रकृति के दोहन के अलावा कोई उल्लेखनीय काम नहीं है। जबकि इस राज्य का निर्माण का मुख्य लक्ष्य था कि पहाड़ से पलायन रुके। रोजगार की तलाश में युवाओं को महानगरों की ओर ताकना न पड़े। लेकिन 2011 में हुई जनगणना के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके अनुसार पौढ़ी-गढ़वाल और अल्मोड़ा जिलों की तो आबादी ही घट गई है। तय है, क्षेत्र में पलायन और पिछड़ापन बढ़ा है।

विकास की पहुंच धार्मिक स्थलों पर ही सीमित रही है, क्योंकि इस विकास का मकसद महज श्रद्धालुओं की आस्था का आर्थिक दोहन रहा था। यही वजह रही कि उत्तराखंड के 5 हजार गांवों तक पहुंचने के लिए सड़कें तक नहीं हैं। खेती आज भी वर्षा पर निर्भर है। उत्पादन बाजार तक पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधाएं नदारद हैं। तिस पर भी छोटी-बड़ी प्राकृतिक आपदाएं कहर ढाती रहती हैं। इस प्रकोप ने तो तथाकथित आधुनिक विकास को मिट्टी में मिला कर जल के प्रवाह में बहा दिया है। ऐसी आपदाओं की असली चुनौती इनके गुजर जाने के बाद खड़ी होती है, जो अब जिस भयावह रूप में देखने में आ रही है, उसे संवेदनशील आंखों से देखा जाना भी मुश्किल है।

## विचार सरिता

# एक पाती : अन्न उपजाने वाले किसान! आप समाज के लिए अति महत्वपूर्ण हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



प्रिय किसान,जय जोहार।

आप देश के अन्नदाता हैं। और सर्दी - गर्मी, बरसात, तूफान आदि की परवाह किए बिना अपना कार्य पूरा करते हैं। एक अरब 40 करोड़ के लगभग भारतीय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करना कोई आसान कार्य नहीं है और यह कार्य आप अपने कंधों पर उठाते हैं। बरसात का महीना आने के पूर्व ही, जब गांव के अन्य लोग चैन की नींद सो रहे होते हैं, तब आप पौ फटने के पूर्व ही उठ जाते हैं और अपना हल तथा बैलों को लेकर खेतों की ओर निकल पड़ते हैं। अब बैलों का स्थान आधुनिक जगहों पर आधुनिक ट्रैक्टरों ने ले लिया है, फिर भी आपका सुबह उठने और खेतों में पहुंचने का समय नहीं बदला है।

बरसात के मौसम में आपकी असली परीक्षा होती है। चाहे आप भू स्वामी किसान हैं या दूसरों के खेत में कार्य करने वाले किसान हैं लेकिन दोनों ही स्थितियों में समयबद्धता आपकी पहली विशेषता है। आप अपने खेतों को तैयार करने से लेकर फसल की बुवाई, पौधे के रूप में बीजों के अंकुरण करवाने या छोटे पौधों को एक साथ रोपित करने के कार्य में समर्पण के साथ जुटते हैं। अगर वर्षा समय पर नहीं हुई तो पानी के अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना होता है।वर्षा भी मानसून पर निर्भर है ,अर्थात वर्षा उचित समय पर हो और पर्याप्त मात्रा में हो, यह आवश्यक है। अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि दोनों फसल के लिए नुकसान देह है। इन दोनों ही स्थितियों का नुकसान आपको वहन करना होता है। अगर कम वर्षा हुई तो नहर या ट्यूबवेल या आसपास के अन्य प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर रहना होता है। अगर यह व्यवस्था नहीं हो पाई तो फसलों के जलने या सूखने का खतरा होता है और फिर इस स्थिति से पार पाना असंभव होता है।

पौधों के अंकुरण के बाद देखरेख, खरपतवारों की छंटाई और आवश्यकता के अनुसार उचित उर्वरकों का उपयोग भी एक चुनौती है। खेतों में काम करने के समय प्रतिकूल मौसम की चुनौती तो है ही, साथ ही सर्प, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े मकोड़ों का भी भय रहता है, लेकिन हर मौसम में बिना किसी अंतराल के आप खेतों में काम करते हैं। फसल तैयार होने के बाद उसकी कटाई और बालियों से अन्न को अलग करना भी एक बड़ा कार्य है। यह कार्य करने के बाद खलिहान से अनाज को लोगों तक पहुंचाया जाता है और इसके लिए विपणन संस्थाओं की मदद ली जाती है। विभिन्न सरकारें भी किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रयास करती हैं।

कई बार तो यह स्थिति बनती है कि आप लागत मूल्य से अधिक मुनाफा प्राप्त करने में असफल रहते हैं और अगर कहीं बिन मौसम की बरसात या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आ गई, तो फिर आपको घाटा भी उठाना पड़ता है।

कहा गया है कि अन्न ही ब्रह्म है। अन्न मनुष्य की प्राथमिक मूलभूत आवश्यकता है।अतः आपके श्रम से उपजाए गए अन्न का वास्तव में कोई मोल नहीं हो सकता है। आपके जीवन में कभी कोई भी दुख, अभाव या कष्ट की स्थिति न आए और न आपको कभी अपने आत्म सम्मान को दांव पर रखकर किसी के आगे हाथ फैलाना पड़े।

हे श्रमवीर! आपका अभिनंदन है। आपका कार्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना अन्य कार्यों या सेवा दे रहे व्यक्तियों का। अन्न उत्पादक के रूप में आपकी भूमिका समाज में सदा सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

**आपका ही, एक देशवासी**

## शब्द सामर्थ्य -138

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे** 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 137 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | खं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू- दोकू क्र.138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 137 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## प्रसंग

# बिहार का वोटर वेरिफिकेशन : एक रोचक प्रसंग

**(शंकर मुनि राय)**



लगभग दो दशक पहले की बात है। वर्षों बाद अपने गांव (बिहार) गया था। उस समय वहां मुखिया का चुनाव चल रहा था। जाड़े का दिन था। मैं भोजन करके दुआर पर लेटा था। गांव के लोग बड़ी उत्साह के साथ पड़ोसी गांव के बूथ पर मतदान करने जा रहे थे। तभी एक लड़का मेरे पास आया और बोला कि भईया आप नहीं चलिएगा भोट डालने? मैंने कहा कि मेरा नाम यहां के वोटर लिस्ट में नहीं है। मैं दूसरी जगह वोट डालता हूं। तब उसने कहा कि नाम नहीं है तो क्या हुआ, हम लोग हैं न! डलवा देंगे, आप चलिए। मैं ने उसे समझाया कि ऐसा करना अपराध है, जहां के वोटर लिस्ट में नाम रहता है, वहीं मतदान किया जाता है। लड़का थोड़ा निराश हुआ पर चला गया। थोड़ी देर बाद वह चहकते हुए उधर से आया और बोला-'भईया तोहरो नांव छपल बा भोटर लिस्ट में! हम देखके आवतानी। अब तक चलहीं के परी।' मुझे बहुत अचरज हुआ कि यहां मेरा नाम कैसे हो सकता है! पर फिर सोचा कि नाम है तब तो वोट डालूंगा ही। मैं भी बहुत उत्साह के साथ बूथ पर गया, लाइन में लगा। जब मतदान अधिकारी एक के पास पहुंचा तो वह मुझे नीचे से ऊपर तक अचरज से देखा, नाम पूछा और बोला-'आपका भोट तो पड़ गया है, बहरी जाइए।' मैंने प्रतिवाद किया कि ऐसा कैसे हो सकता है, मैंने तो मतदाता किया ही नहीं है! पर वह मानने को तैयार नहीं था। फिर मैंने उसे टेंडर वोट नियम समझाया और कहा कि मेरे नाम का वोट पड़ गया है तो कोई बात नहीं, मेरी जांच करवा लीजिए और नियम से टेंडर वोट डलवा दीजिए। इतना कहकर मैं लाइन अलग होकर पीठासीन अधिकारी के पास चला गया। वह भी मुझे देखकर घबराया और कहा कि- 'बउवाल मत करिए, जवन होना था ऊहो गया, अब कुच्छू नहीं होगा।' उधर बाहर किसी ने बता दिया कि एगो बहरी अदिमी बूथ में घुस के रंगदारी कर रहा है। तभी मुखिया जी उधर से मुस्कुराते हुए आये और बड़े प्रेम से पूछे कि 'बबुआ जी केकरा घर के ह ईं?' मैंने अपने बाबा का नाम बताया तो और प्रेम से मेरे कंधे पर हाथ रखकर बोले कि उहांके बहुते निमन इंसान रहीं, अपने अदिमी रहीं। रउवो अपने हईं। जाईं, चिंता मत करीना, रउवा जेकरा के वोट देब, ओकरे के दियाइल बा।' ई सब कहते-समुझाते मुझे बूथ से बाहर ला दिये। यह पुराना प्रसंग इसलिए याद आया कि पिछले सप्ताह गांव से मेरे चचेरे भाई विवेक ने फोन किया कि बीएलओ साहेब दुआर पर बैठे हैं और पूछ रहे हैं कि यहां के भोटर लिस्ट में नाम रखना है कि काट दीं? मैंने बताया कि भाई मैं लगभग तीन दशक से दूसरे प्रांत में सपरिवार वोटिंग करता हूं। वहां के वोटर लिस्ट में नाम होना गलत है। तब पूछा कि भाभी और बच्चों का भी नाम हटवाना है क्या? मुझे बहुत अचरज हो रहा है कि इतने वर्षों बाद भी वहां के वोटर वेरिफिकेशन में हमारे परिवार का नाम कैसे चल रहा है।

## लघुकथा

# // भाभी-माँ //

पिता के देहावसान के बाद संजय की स्थिति बद से बदतर हो गयी थी। घर-परिवार, गली-मुहल्ले व सगे-सम्बंधियों में अपनी शराबखोरी के चलते वह सबकी नजरों से गिर हो चुका था। जब बड़े भाई निहाल को ही वह फूटी आँख नहीं सुहाता; तो भाभी अरूणा का पूछो ही मत। यह भी तो सच था कि संजय सुबह घर से निकल जाता, दिन भर कहाँ रहता, क्या करता; किसी को पता नहीं। देर रात तक लड़खड़ाते कदमों से वह घर आता; और फिर बक-बक शुरू। निहाल ने तो बात करना ही बंद कर दिया था उसके साथ। गालियों के शब्दकोश में ऐसी कोई गाली ही नहीं बची थी, जिसका अरूणा ने संजय के लिए उपयोग न किया हो। अब बस बच गयी तो माँ देविका। संजय तो अब भी 'संजू' ही था छुटपनवाला माँ देविका के लिए।

आज रात तो हद हो गयी। सब के खाना खाने के बाद अरूणा ने कुकर की बची दाल में पानी डाल दी। बड़बड़ाने लगी- ''सब्जी नहीं बची तो मैं क्या करूँ... कुछ भी खाय, मेरो को क्या है ?'' मैं उसकी नौकरानी थोड़ी हूँ कि उसके लिए और सब्जी बनाती रहूँ।'' सब के सब सो गये।



देविका की आँखों से नींद गायब थी। दरवाजे को खुला रखा था उसने। बार-बार बाहर झाँककर देखती। पर पता नहीं देविका की नींद कैसे झूप-से लग गयी। अचानक आँख खुली; देखती है, संजय थाली में रखा दाल-भात खा रहा था। बगल में कटोरी भर सब्जी थी। अब देविका को खाली पेट ही नींद लग गयी।

**- टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'**

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके द्वारा की जाने वाली प्रार्थना का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और पॉजिटिव बनें रहेंगे। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म कर पायेंगे। आपको मानसिक शांति मिलेगी।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। आज दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। आज आपको किसी काम को लेकर उलझन हो सकती है लेकिन आप शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब सही रहेगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने भाई के साथ मिलकर किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा धन लाभ होगा। आज प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवन को एक नए नजरिये से देखेंगे और समस्या को पाजिटिविटी के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण आज परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश होंगे। आज लेनदेन के मामलों में भी आप भाग्यशाली रहेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दांपत्य जीवन एवं घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आज युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। आज आप अपने काम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें, जिससे काम करने में आसनी होगी। आज आपको पैतृक संपत्ति से लाभ और सुख मिलेगा।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं। आज जीवनसाथी व परिवार का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आप अपनी सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है क्योंकि आपको पुराना अटका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों के साथ ङ्क साथ नन्हें मेहमान का आगमन होगा। आज आपको एक से अधिक स्रोतों से आय मिलेगी और स्वास्थ्य समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ भी आपका ध्यान केंद्रित होगा। आज आप अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें तो आप सफलता के ज्यादा नजदीक होंगे। आज युवाओं को किसी अनुभवी तथा प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप घर शिफ्ट करने से पहले उसकी अच्छे से जांच ङ्क पड़ताल कर लें। नया निवेश करने से पहले आप किसी जानकर की सलाह अवश्य ले लें। आज आपके घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। इस राशि के व्यक्ति आज अपनी रूचि रचनात्मक कार्यों में दिखाएंगे। आज निजी जीवन में चल रही।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहेगा। आज नौकरी या बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आपको आपके काम में कामयाबी मिलेगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों की मदद करेंगे, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जायेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही योगदान देंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपने काम के ऊपर फोकस करें।

# ग्रामीणों ने लिया शराबबंदी पर ठोस निर्णय, शहरवासी फिसड्डी




**गली, चौक-चौराहों पर खुलेआम बिक रही है मदिरा**

डोंगरगांव (दावा)। नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवी वर्षगांठ पर दो ग्रामों में सराहनीय पहल की है। जबकि डोंगरगांव शहर में इसी तरह के पहल की दरकार है। अंचल में बढ़ते शराबियों और बच्चों पर इसका गहरा असर देखते हुए समीपस्थ ग्राम पूर्णतः शराबबंदी की ओर अग्रसर हैं और इसकी शुरूआत ग्राम माथलडबरी और ग्राम मोहड़ से की गई है। इन दोनों ग्रामों में अब शराब बेचने और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं डोंगरगांव शहवासियों में अब तक इस विषय को लेकर कोई सुध नहीं है। शहर की गली मुहल्लों सहित सरकारी भवनों में खुलेआम चल रहे नशे के कारोबार से सभी परेशान हैं, किन्तु इस विषय को लेकर शहर में कोई पहल ही नहीं है। शराब भट्ठी से निकलने वाला माल कोचियों को बोरियों में भरकर बड़ी आसानी से मिल जाता है और इसे बेखौफ होकर पूरे शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खपाया जा रहा है। सरकारी मदिरा दुकानों से बिकने वाले शराब से छत्तीसगढ़ सरकार एक बड़ा राजस्व कमाती है किन्तु इन दुकानों से मदिरा विक्रय के नियम बनाए गए हैं, किन्तु सभी नियमों को ताक में रखकर बड़ी मात्रा में कोचियों को शराब की सप्लाई की जा रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीते दिनों नागरिकों व्दारा कई बोरियों में भरे 523 शराब की बोतलों को पकड़कर डोंगरगांव पुलिस के हवाले किया गया था। बड़ी मात्रा में शासकीय मदिरा दुकान से शराब की निकासी इससे जुड़े अधिकारियों की मिलीभगत के बगैर संभव नहीं है। इससे पूरे सिस्टम का पर्दाफास हो गया। बावजूद इसके पूरे डोंगरगांव के गली, चौक-चौराहों में कोचियों द्वारा खुलेआम शराब विक्रय किया जा रहा है। शराबियों और शराब कोचियों से परेशान ग्रामीणों ने अब अपने ग्राम स्तर पर शराबबंदी करने जागरूक हो रहे हैं और डोंगरगांव शहरवासियों को भी स्थानीय पुलिस के भरोसे पूरी कार्यवाही को न छोड़ सार्वजनिक स्थलों पर शराबबंदी की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# खुज्जी में धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी का पर्व



**यादव समाज के मंदिर में होगी श्रीराधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना**

खुज्जी (दावा)। जन्माष्टमी के पर्व को अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी में भी विविध धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं। जिसके लिए व्यापक तैयारियां ग्रामवासियों एवं स्थानीय यादव समाज के द्वारा की जा रही है। ग्राम के समस्त वर्गों के सहयोग से दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता भी आयोजित है। जिसमें अंचल की चौदह मंडलियां भाग लेकर अपनी झांकीमय प्रस्तुति देगी। स्थानीय नवनिर्मित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी पर्व के दिन यादव समाज के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ राधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना कराई जाएगी। जिसके लिए समाज के द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। राधा-कृष्ण की संगमरमर से बनी प्रतिमा रमशिला नंदलाल यादव के द्वारा प्रदत्त है, जो साई मूर्ति प्रोडक्शन पुलगांव दुर्ग से मंगाई गई है। रामधुनि प्रतियोगिता के समापन के पश्चात ग्राम गोविदोत्सव दही हांडी का भी आयोजन किया गया है। जिसको लेकर ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल संपन्न



**जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका**

खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के लिए मंगलवार को अंतिम रिहर्सल किया गया। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के तैयारियों के लिए मंगलवार राजा फतेह सिंह खेल मैदान में अंतिम रिहर्सल किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल रहे, उन्होंने परेड की सलामी ली। इसके बाद वन टू वन सभी गतिविधियों का अभ्यास किया गया।अंतिम रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक परेड कंमाडर के. देव राजू तथा उपनिरीक्षक मोरध्वज देशमुख ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 8 टुकडियां शामिल हो रही है,जिसमें भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 40 वी वाहिनी, छग बल 21 वी वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं शामिल हुए। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह जिला स्तरीय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

जिला स्तरीय समारोह में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह अतिथि के रूप में प्रातः 9 बजे स्टेडियम पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे। सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।

## पहला कॉलम...

# बांधाबाजार में हायर सेकेंडरी स्कूल से निकली तिरंगा यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम बांधाबाजार में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभक्ति की भावना को लोगों तक पहुंचाने हेतु 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल बांधाबाजार से आरंभ होकर गली भ्रमण किया गया। जिसमें अरुण यादव जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, दिनेश्वर साहू युवा मोर्चा महामंत्री, अरुण साहू, उमेंद्र सिंह ध्रुवे, हरिश शर्मा, वीरेंद्र साहू, किशोर मेश्राम, सुनीता कावरे प्राचार्य शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं अन्य शामिल हुए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में विद्यार्थी परिषद द्वारा शपथ ग्रहण



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 12 अगस्त को विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सत्र 2025- 26 के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र प्रतिनिधि मोक्ष साहू, छात्रा प्रतिनिधि तनिष्का साहू, उप छात्र प्रतिनिधि मौसम दशरिया, उप छात्रा प्रतिनिधि हेमलता एवं छात्र खेल प्रतिनिधि आर्यन बख्शी, छात्रा खेल प्रतिनिधि सानवी वर्मा, प्राथमिक वर्ग के छात्र प्रतिनिधि अपूर्व देवांगन एवं पूर्वी चंदेल समेत चारों विद्यार्थी सदनों शिवाजी, टैगोर, अशोक एवं रमन सदन के पदाधिकारियों ने अपने पद ग्रहण की शपथ ली। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य श्री अंजय कुमार ने प्रतिनिधि विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन की सतत प्रवृत्ति के निर्माण तथा विद्यालय हित के अन्य कार्यों में सहयोग का आह्वान किया। मुख्य विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों से बैज तथा सैश ग्रहण किया। छात्र प्रतिनिधि मोक्ष साहू ने विद्यालय ध्वज तथा चारों सदनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सदन का ध्वज ग्रहण किया। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधि मोक्ष साहू ने अपने चयन के लिए स्कूल का आभार व्यक्त करते हुए व्यवस्था निर्माण में अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। उप छात्रा प्रतिनिधि हेमलता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सुश्री गीतांजलि एवं सौरभ कुमार ने किया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यार्थी परिषद प्रभारी संदेश निनावे तथा माध्यमिक एवं प्राथमिक वर्ग के रचनात्मक अधिगम गतिविधि विभाग के समन्वयक डॉ. योगेंद्र पांडेय, श्रीमती सिमरन एवं खेल शिक्षक शिवम सुमन ने किया।

# तिरंगा भारतीय सनातन मूल्यों की प्रादर्श पहचान - डॉ. के.के. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व में महत्तम भारतीय सनातन मूल्यों की (त्याग-बलिदान, सत्य-शांति, शस्य-श्यामलाम्) की प्रादर्श पहचान हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने विशिष्ट आकार, आकर्षक रंग-विन्यास एवं विशेष स्वरूप से समग्र देश-धरती में अनुपम आन-बान-शान का गौरव प्रतीक माना जाता है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए नगर के वरिष्ठ चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने वर्तमान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा, हर हाथ तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को युवा-किशोर-बाल पीढ़ी के लिए सहज-सरल रूप में देश-भक्ति, राष्ट्र प्रेम का अद्भुत जज्बा पैदा करने के साथ-साथ देश की आजादी के संघर्ष गाथा से प्रत्यक्षतः हृदय से जोडने् और स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना सर्व-सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों का भी परमपुण्य स्मरण कराता है। आगे डॉ. द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि हमारे तिरंगे का कर्मठ-युवा हाथों में धारण कर लहराना और घर-आंगन छत में फहराने से जो राष्ट भक्ति, सेवा-भाव का जोश से भर तन-मन को मंत्रमुग्ध और प्रफुल्लित कर देता है, वह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गौरव पल होता है। वैसे भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का प्रत्येक भारतीय की परम राष्ट सेवा एवं राष्ट हित सर्वोपरि की अनमोल भावना के कर्तव्य मंत्र से आल्हादित करने का अवसर होता है। आइये हम सभी मन प्राण से संकल्पित होकर हर हाथ में और हर घर में तिरंगा लहराये - फहराये, यही उपक्रम राष्टीय तिरंगा अभियान को श्रेष्ठ सार्थक अर्थो में सप्लीफूत करना होगा। जय तिरंगा - अमर तिरंगा-जय माँ भारती।

# अखंड भारत के लिए राष्ट्रभक्ति और एकता का आह्वान



राजनांदगांव (दावा)। अखंड भारत के स्वप्न को साकार करने और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से शिवनाथ महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिंदू जागरण मंच के बैनर तले आयोजित हुआ। जिसमें प्रांत संगठक राजेश भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे रवि सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भारत केवल भूमि का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी माता है। उन्होंने देश को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए अखंड भारत के सपने को साकार करने का आह्वान किया और युवाओं को राष्ट्र की एकता व संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता राजेश भार्गव ने भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने इतिहासकारों द्वारा किए गए गलत और पक्षपातपूर्ण इतिहास लेखन की आलोचना करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हमारी विरासत को नष्ट करने का षड्यंत्र रचा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे देश की एकता, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए अटूट समर्पण के साथ कार्य करें। भार्गव ने युवाओं को राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें विदेशी मानसिकता को त्यागकर भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य पंकज कुंजरेकर, सुरेंद्र सिंह भाटिया, गीतेश गुप्ता, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता, मातृशक्ति, प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. एस.आर. कन्नौजे ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. गुणवंता खरे ने किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर 15 को शुष्क दिवस घोषित

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त शुक्रवार को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में जिले में स्थित देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) खैरागढ़, गण्डई, विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ) खैरागढ़, गण्डई एवं देशी मदिरा दुकान सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), मुढ़ीपार, साल्हेवारा एवं जालबांधा, विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) छुईखदान, एफ.एल.3 बार तथा अहाता छुईखदान, गण्डई, साल्हेवारा एवं मुढ़ीपार में 15 अगस्त को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है। उपरोक्त घोषित शुष्क दिवसों में उक्त क्षेत्रों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# मोर तिरंगा, मोर अभिमान यात्रा की शुरुआत छुरिया के जोब गांव से

**संजय सिन्हा जनपद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष कांता साहू हुए शामिल**

छुरिया (दावा)। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' तिरंगा यात्रा की शुरुआत छुरिया विकासखंड के वनांचल स्थित ग्राम जोब से की गई। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है।

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने इस अवसर पर बताया कि यह तिरंगा यात्रा भारत के राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों और संविधान में निहित मूल्यों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मूल उद्देश्य देश प्रेम को बढ़ावा देना, लोगों को अपने राष्ट्रीय ध्वज पर गर्व और सम्मान की भावना से जोड़ना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि इस यात्रा का एक प्रमुख लक्ष्य स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना और उनके त्याग को याद करना है। साथ ही युवाओं को देश के इतिहास और आजादी के महत्व से अवगत कराकर उनमें प्रेरणा जगाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रा के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर जागरूकता फैलाकर राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाना है। इस महत्वपूर्ण यात्रा की शुरुआत के मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष छुरिया कांता प्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष रोधन उइके सहित आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भूपेश सरकार और विधायक यशोदा वर्मा की पहल से खैरागढ़ को मिली करोड़ों की सौगात



खैरागढ़ (दावा)। विकास की गूंज और सौगातों की श्रृंखला के बीच खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर सुर्खियों में है। पूर्ववर्तीय सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा की अनुशंसा पर स्वीकृत और निर्मित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण अब बुधवार 13 अगस्त को वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों होगा।

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने बताया की उन्होंने अपने प्रयासों से तत्कालीन मुख्यमंत्री से क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की स्वीकृति दिलाई थी। इनमें शामिल है। आईटीआई भवन सोनेसरार 3 करोड़, जिला प्रशिक्षण भवन देवारीभाट 2 करोड़, 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान लागत 3.50 करोड़, 20 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के लिए लागत 1 करोड़, बुनकर सोसायटी भवन छुईखदान, आदिवासी छात्रावास साल्हेवारा 1.53 करोड़, बकरकट्टा लागत 1.53 करोड़, हाईस्कूल चंदैनी लागत 2.60 करोड़, ब्लड बैंक छुईखदान लागत 30 लाख, हमर क्लिक सेंटर गंडई टिकरीपारा 25 लाख और छुईखदान लागत 25 लाख स्वीकृति मिली है। इसके अलावा अमलीपारा खैरागढ़, अमलीडीही रपटा कम स्टॉप डेम, विभिन्न पुलिया निर्माण कार्य, उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण, ग्राम पंचायत भवन सभागार, आयुष औषधालय जैसे कई विकास कार्यों की सूची भी लंबी है।

खैरागढ़ की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली योजना-38 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला जिला अस्पताल भी तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्ष 2023-24 में स्वीकृत किया था। इस परियोजना का भूमिपूजन और लोकार्पण 13 अगस्त को किया जाएगा। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि यह सब खैरागढ़ की मेहनतकश जनता का फल है। जिन्होंने विकास के लिए समर्पित जनप्रतिनिधि को चुनकर विधानसभा भेजा। मैं जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूं। यशोदा वर्मा ने आगे कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने खैरागढ़ को वह विकास दिया। जिसकी वर्षों से जरूरत थी। आज जो भी लोकार्पण हो रहे हैं। वे कांग्रेस शासन की दूरदर्शी नीतियों और विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयासों का परिणाम हैं।

# स्कूली बच्चे लिखेंगे अपने गांव का इतिहास : अड़ाम स्कूल में इस पहल शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। नयी शिक्षा नीति 2020 मोर इतिहास मोर स्कूल, मोर गाथा मोर गौरव के तहत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के सहायक संचालक एम. सुधीर के निर्देशानुसार छग राज्य के समस्त गांव/ स्कूल के इतिहास से जोड़ने और अपने परिवेश की समस्त जानकारी हेतु एक नयी व सराहनीय पहल की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगांव ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला अड़ाम की शिक्षिका कोनिका सोनी के नेतृत्व में मोर स्कूल मोर इतिहास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के बुजुर्ग व वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों को शाला आमंत्रित किया गया। वहीं स्कूल के कक्ष पहली से पांचवी के बच्चों की उपस्थिति में गांव इतिहास के संबंध में जानकारी दी गई। श्रीमती सोनी के द्वारा बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय इतिहास लेखन एवं अभिलेखन की कार्य योजना प्रारंभ कर दी गई है। इन समस्त गतिविधियों का करने का उद्देश्य यह है कि बच्चे अपने गांव/स्कूल के इतिहास से परिचित हो तथा बच्चों में जिज्ञासु प्रवृत्ति का विकास हो। इस उद्देश्य के साथ बच्चों को इतिहास के बारे में बताया गया तथा लेखन हेतु प्रेरित किया गया। गांव के बुजुर्ग व वरिष्ठजनों में रंभन कुंभकार, गीताराम निर्मलकार, योगीराम निर्मलकर, ठाकुर राम धुर्वे आदि ने बच्चों को गांव से जुड़ी काफी रोचक और लाभप्रद जानकारी दी। जैसे गांव का नाम कैसे पड़ा, गांव की बसाहट कैसे हुई, प्रसिद्ध स्थल, पहले कितने लोग या परिवार थे। गांव में स्कूल कब प्रारंभ हुआ, गांव के देवी-देवता, मुख्य व्यवसाय, कौन-कौन से जाति के लोग निवासरत हैं, गांव से लगे नदी, खेती किसानी, परंपरा, मेला-मंडाई आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस जानकारी के पश्चात अब बच्चे अपने गांव के इतिहास को शिक्षिका के मार्गदर्शन में लिपिबद्ध करेंगे। यह योजना राज्य स्तर से संचालित की जा रही है और बेहतर लेखन व संकलन को राज्य स्तर पर प्रमुख स्थान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान गांव के गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानपाठक महेंद्र पाटिल, शिक्षिका सरिता टांडेकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सलौनी में भव्य भोजली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया




**भोजली महोत्सव, लोधी समाज की लोकसंस्कृति का उत्सव - विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। पारंपरिक आस्था और लोधी समाज की संस्कृति से जुड़े भोजली महोत्सव के अवसर पर रविवार को ग्राम ढारा सलौनी में प्रधान स्तरीय भव्य भोजली उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कार्यक्रम में सहभागिता की और भोजली माता की पूजा अर्चना कर समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं।विष्णु लोधी ने कहा कि भोजली केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि बेटियों की श्रद्धा, किसानों की मेहनत और गांव की एकता का प्रतीक है।जब बेटियाँ भोजली बोती हैं, तो वे केवल बीज नहीं बोतीं, वे संस्कृति, आस्था और हरियाली का भविष्य बोती हैं। हमें इन परंपराओं को नई पीढ़ियों तक सौंपना होगा। उन्होंने कहा कि आज का भोजली महोत्सव हमें बेटियों को सशक्त बनाने, किसानों को सम्मान देने और सामाजिक समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देता है।भोजली की हरियाली की तरह बेटियों के जीवन में भी समृद्धि और सुरक्षा की जरूरत है। हमें दोनों को सहेजना है।विष्णु लोधी ने समाज से अपील की कि वे अपने गांव, अपनी बोली, अपने रीति-रिवाज और परंपराओं के साथ जुड़कर एक समरस और स्वाभिमानी समाज का निर्माण करें।

इस आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु लोधी प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज,अध्यक्षता ओमकार लिल्हारे सर्किल अध्यक्ष ,हीरा वर्मा जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि डॉ भगवती प्रसाद वर्मा प्रदेश प्रचार सचिव,जोहन वर्मा जिला उपाध्यक्ष, ईश्वरी वर्मा जिला उपाध्यक्ष, मोतीराम जांघेत जिला प्रचार सचिव,लखन जंघेल जिला कार्यकारिणी सदस्य,किशुन वर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,शिव वर्मा सर्किल प्रचार सचिव, पुष्पा वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,प्रतिमा कमलेश वर्मा सरपंच, आरती मोहन वर्मा सरपंच ,सितेश वर्मा महासचिव युवा, झूलेंद्र वर्मा अध्यक्ष युवा लोधी, ईश्वरी खेलावन वर्मा सदस्य महिला लोधी,आरती वर्मा सदस्य महिला लोधी,शेर सिंह जंघेल ग्राम पटेल, समाजसेवी प्रकाश वर्मा ,गोकुल वर्मा ,खेमचंद वर्मा विशन वर्मा राजपाल वर्मा सहसराम वर्मा, बोधिराम वर्मा ,भानु राम वर्मा , विश्राम वर्मा,मुकुंद वर्मा प्रधान, ह्यूमन वर्मा सचिव, गोविंद वर्मा उपाध्यक्ष , समाजिक पंच आनंदी वर्मा, पालतू वर्मा ,नारायण वर्मा ,विशंभर वर्मा, लेखराम वर्मा, मानसिंह वर्मा, उत्तम वर्मा, मदन वर्मा ,रूपचंद वर्मा ,दौलत वर्मा ,हरिश्चंद्र वर्मा, अर्जुन वर्मा, चंद्रभान वर्मा ,देवनाथ जंघेल , ग्राम प्रमुख लेखराम वर्मा ,सुदामा वर्मा ,रामकुमार वर्मा ,मंगतू वर्मा ,नरोत्तम वर्मा ,जीवराखन वर्मा, हीरा वर्मा, मदन वर्मा, हीरू वर्मा, पीतांबर वर्मा ,विदेशी वर्मा एवं बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, किसान भाई, जनप्रतिनिधि, युवा साथी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा के साथ भोजली पूजा में भाग लिया और हरियाली, खुशहाली और सामाजिक भाईचारे की कामना की।

# मुख्यमंत्री के खैरागढ़ दौरे पर कांग्रेस 'मिशन सडे टीम' ने की मुलाकात की मांग



खैरागढ़ (दावा)। छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का खैरागढ़ में आज पहली बार आगमन हो रहा है। इस अवसर पर वे जिले में कई विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक दौरे को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच कांग्रेस की 'मिशन संडे टीम' ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की इच्छा जताई है। टीम ने एक औपचारिक आवेदन पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से मिलने और उनका अभिनंदन करने का समय मांगा है। टीम का कहना है, कि वे कुछ महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखना चाहते हैं।

### प्रोटोकॉल अधिकारियों से आग्रह

मिशन संडे टीम ने प्रोटोकॉल अधिकारियों से निवेदन किया है कि मुख्यमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम के बीच कुछ समय उनके लिए भी निर्धारित किया जाए। जिससे वे सम्मानपूर्वक मुख्यमंत्री का स्वागत कर सकें। शहर के लोगों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खासा उत्साह है और अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या कांग्रेस मिशन संडे टीम को यह मुलाकात का अवसर मिलेगा।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के 20380 किसानों को 33 करोड़ 23 लाख 21 हजार रूपए का किया गया भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हवाई पट्टी झुनझूनू राजस्थान से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2024 के तहत फसल कटाई उपरांत प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर जिले के 20380 किसानों को 33 करोड़ 23 लाख 21 हजार रूपए का भुगतान ऑनलाईन डीबीटी प्रणाली के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के 2223 किसानों को 4 करोड़ 67 लाख रूपए, घुमका तहसील के 5297 किसानों को 10 करोड़ 85 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील के 6957 किसानों को 9 करोड़ 73 लाख रूपए, लालबहादुर नगर के 2749 किसानों को 3 करोड़ 76 लाख रूपए, डोंगरगांव तहसील के 1075 किसानों को 7 करोड़ 39 लाख रूपए, छुरिया तहसील के 2060 किसानों को 3 करोड़ 46 लाख रूपए एवं कुमरदा तहसील के 19 किसानों को 36 हजार 759 रूपए का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2024 में जिले के 31634 किसानों ने 39431 हेक्टेयर रकबे का फसल बीमा कराया था। इस वर्ष खरीफ 2025 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके तहत अऋणी कृषक 14 अगस्त 2025 तक एवं ऋणी कृषक 30 अगस्त 2025 तक फसल बीमा करा सकते है।



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने फसल क्षति से वित्तीय सहायता के लिए जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अपने फसलों का शत-प्रतिशत बीमा कराने की अपील की है। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफल्ली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते है। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि अन्य प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ हैं। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 960 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग 580 रूपए, उड़द 600 रूपए, सोयाबीन 1000 रूपए, अरहर 800 रूपए, कोदो 440 रूपए, कुटकी 440 रूपए एवं रागी 500 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त कर प्रीमियम की राशि योजना में विहित प्रावधानानुसार अंतरित (राजसात) की जाएगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में देशव्यापी हेल्पलाईन नंबर 14447 एवं 18004190344 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ऋणी कृषक 30 अगस्त 2025 एवं अऋणी कृषक 14 अगस्त 2025 तक अपने फसलों का बीमा कराकर पावती अवश्य प्राप्त करें। बीमा हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है एवं ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है।

## पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे की अंतिम कृति का हुआ विमोचन




राजनांदगांव (दावा)। पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे की अंतिम कृति मैं छत्तीसगढ़ बोलता हूं का विमोचन रायपुर के समता कॉलोनी स्थित महाराज अग्रसेन कॉलेज सभागार में गरिमामय माहौल में हुआ।

इस अवसर पर राजनांदगांव से आभा श्रीवास्तव ने नगर का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। देश के अनेक नामी साहित्यकारों की मौजूदगी ने समारोह को विशेष बना दिया।

इस आयोजन की खास बात यह रही कि इस पुस्तक के विमोचन हेतु डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने स्वयं हाल बुक किया था और अपने जन्मदिन पर विमोचन करवाने का मन बनाया था। लेकिन अकस्मात् निधन के कारण यह जिम्मेदारी उनकी पत्नी ने संभाली और जन्मदिन के अवसर पर ही कृति का विमोचन किया। आभा श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें कई अवसरों पर डॉ. दुबे के साथ मंच साझा करने का सौभाग्य मिला है और यह उनके लिए गर्व का विषय है कि वे उनकी अंतिम कृति के विमोचन के साक्षी बनीं।

## बजरंग सेना द्वारा शहर में 17 को भव्य दही हांडी लूट स्पर्धा आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पुनीत अवसर पर बजरंग सेना द्वारा 17 अगस्त को मानव मंदिर चौक में भव्य दही हांडी लूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। वहीं देवतुल्य अतिथि महंत देवनाथ शास्त्री (राष्ट्रीय सचिव-भारत) सहित विशिष्ट अतिथि के रुप में सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंत्री नीलू शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत नगर निगम सभापति पारस वर्मा व भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी सहित नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले उपस्थित रहेंगे।

गौ-रक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रबोध गुप्ता व बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश मरकाम ने बताया कि मानव मंदिर चौक में रविवार 17 अगस्त को शाम 6 बजे आयोजित उक्त दही हांडी लूट स्पर्धा में प्रथम आने वाली मंडली को अतिथियों के हाथो 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर अतिथि के रुप में बजरंग सेना के प्रदेश संरक्षक व शहर के वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया, भाजपा के तरुण लहरवानी, आकाश चोपड़ा, दुर्गेश यादव, विहिप के अरुण गुप्ता (अधिवक्ता) आदि सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। बजरंग सेना के प्रदेश महामंत्री एन कोचले, संगठन मंत्री सतीश तिवारी, अशोक श्रीवास, लोकेश झा, कृष्णा तिवारी, कमल सोनी आदि ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उक्त दही हांडी लूट स्पर्धा कार्यक्रम का आनंद लेने लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर निकली भव्य रैली



डोंगरगढ़/ बेलगांव(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा सामाजिक भवन में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई समाज के प्रमुखों द्वारा अपने-अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता पर जोर दिया एवं समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। सामाजिक भवन में पूजा अर्चना के पश्चात युवक युवतियों द्वारा मनमोह क आदिवासी बस्तरिया नृत्य करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर गिरधारी कंवर, इतवारी कंवर, नेतराम कंवर, फूलचंद कंवर, जनक कंवर, फूलसिंह, रेवाराम, प्रेम कंवर, रजल कंवर, वासुदेव, महावीर कंवर आदि बड़ी संख्या में आदिवासी महिला पुरुष शामिल रहे।

## विधायक श्रीमती बघेल ने कार्यकर्ताओं संग मनाई राखी त्यौहार



डोंगरगढ़(दावा)। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस साल का रक्षाबंधन का त्यौहार अपने निवास स्थान अछोली में कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों के साथ मनाया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को राखी के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं और उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर विधायक ने आए हुए समस्त कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों को राखी बाँधी और उनके प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त किया।

विधायक ने सभी से भेंट कर उनका हालचाल जाना और कहा कि वे हमेशा उनके साथ खड़ी हैं और आप सभी का स्नेह आशीर्वाद और मार्गदर्शन मुझे ऐसा ही मिलता रहे। बताया गया कि, यह कार्यक्रम एक पारिवारिक माहौल में संपन्न हुआ, जहाँ आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना देखने को मिली।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर 15 अगस्त से 13 सितम्बर तक वाद-विवाद प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में सतत रूप से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में गृह विभाग के सहयोग से राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विद्यालयों से लेकर राज्य स्तर तक 15 अगस्त 2025 से 13 सितम्बर 2025 तक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने तथा यातायात नियमों के पालन को अमल में लाने के लिए जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने, प्रदेश में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने, तेज रफ्तार, मोबाइल में बात करते हुए व शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने विषय पर हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्य से जनसमुदाय एवं युवाओं में यातायात नियमों की शिक्षा प्रदान की जाएगी।

इस संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा विकासखंड, जिला एवं संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अनुसार जिले में कार्य संपादित किया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर 23 अगस्त, जिला स्तर पर 30 अगस्त, संभाग स्तर पर 6 सितंबर एवं राज्य स्तर पर 13 सितंबर 2025 को प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### प्रथम चरण स्कूल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन पांच चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समुदाय के बीच होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं सड़क सुरक्षा विषय पर केन्द्रित पक्ष और विपक्ष संबंधित तर्क-वितर्क देने वाले वाद-विवाद के संवाद तैयार कर प्रतियोगिता में अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे। अंत में इस प्रतियोगिता का निष्कर्ष लोगों को दुर्घटना के कारणों से अवगत कराते हुए इसकी रोकथाम यातायात के नियमों का पालन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देने वाले होंगे। यह प्रतियोगिता शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक आयोजित होने वाले स्कूल के कार्यक्रमों के साथ ही संपन्न होगी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्कूल से इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले अधिकतम पांच-पांच पक्ष-विपक्ष में बोलने वाले छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विकासखंड अंतर्गत 15 अगस्त के अवसर पर समस्त हाई- हायर सेकेंडरी स्कूल में होने वाले प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दल में से चयनित 8 से 10 दल विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु आमंत्रित किए जाएंगे। हाई- हायर सेकेंडरी स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### द्वितीय चरण विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार 23 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगी। विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में हाई व हायर सेकेंडरी से चयनित 8 से 10 वाद-विवाद दल भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता विकासखंड अंतर्गत आने वाले स्कूल प्रांगण में आयोजित की जाएगी। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु भेजा जाएगा। विकासखंड स्तर पर प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप प्रथम 2500 रूपए, द्वितीय 2000 रूपए, तृतीय 1500 रूपए तथा सांतवना पुरस्कार स्वरूप तीन प्रतिभागियों को 1000 रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### तृतीय चरण जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार 30 अगस्त 2025 को सुबह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले वाद-विवाद दल भाग लेंगे, यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर स्कूल प्रांगण में आयोजित होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप प्रथम 7000 रूपए, द्वितीय 5000 रूपए, तृतीय 3000 रूपए, सांतवना पुरस्कार पांच प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि 2000 रूपए प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

### चतुर्थ चरण संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

संभाग स्तरीय संभाग स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता शनिवार 6 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिला स्तरीय संपन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाद-विवाद दल भाग लेंगे। संभाग स्तर पर राशि पुरस्कार प्रथम 11000 रूपए, द्वितीय 8000 रूपए, तृतीय 6000 रूपए, सांत्वना पांच प्रतिभागियों को 3000 रूपए प्रदान किए जाएंगे।

### पंचम चरण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन तिथि 13 सितंबर

राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार 13 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक समस्त जिले के संभाग स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाद-विवाद की टीम भाग लेंगे। राज्य स्तर पर नगद प्रोत्साहन राशि पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें प्रथम 35000 रूपए, द्वितीय 25000 रूपए, तृतीय 20000 रूपए, सांत्वना पुरस्कार सात प्रतिभागियों को 10000 रूपए दिए जाएंगे। विकासखंड स्तरीय जिला स्तरीय संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। वाद विवाद प्रतियोगिता में एक टीम में पांच-पांच कुल 10 प्रतिभागी होंगे प्रतियोगिता का विषय वस्तु सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा व सड़क सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी से होने वाले लाभ एवं इसके नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले संवाद-बातों पर केंद्रित होगा,जो कि कुल मिलाकर अंत में समुदाय व जनसामान्य को अच्छा संदेश देने वाला हो। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 10 मिनट का समय दिया जाएगा। हाई- हायर सेकेंडरी स्कूल से चयनित प्रतिभागियों को ही आगे की प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु विकासखंड, जिला,संभाग एवं राज्य स्तर पर भेजा जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने माना, आधार नागरिकता का....**

महासचिव डी. राजा, समाजवादी पार्टी के सांसद हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसद अरविंद सावंत, जेएमएम सांसद सरफराज अहमद, सीपीआईएमएल महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य के साथ ही पीयूसीएल, एडीआरऔर योगेंद्र यादव जैसे कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

**छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी....**

यूरिया की 5.99 लाख तथा डी.ए.पी. की 2.68 लाख मेट्रिक टन आपूर्ति निर्धारित थी जिसके विरूद्ध यूरिया की 4.63 लाख तथा डी.ए.पी. की 1.61 लाख मेट्रिक टन मात्रा राज्य को प्राप्त हुई है। माह अगस्त के लिए यूरिया की 57,600 मेट्रिक टन तथा डी.ए.पी. की 36,850 मेट्रिक टन का सप्लाई प्लान निर्धारित है। चूंकि इन उर्वरकों की सर्वाधिक आवश्यकता अगस्त माह में होती है। इसलिए निर्धारित सप्लाई प्लान के अतिरिक्त यूरिया तथा डी.ए.पी. की 50-50 हजार मेट्रिक टन अतिरिक्त मात्रा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 में भारत सरकार द्वारा उर्वरक यूरिया-07 लाख 12 हजार मेट्रिक टन, डी.ए.पी. 03 लाख 10 हजार मेट्रिक टन तथा एम.ओ.पी.-60 हजार मे.टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध 11 अगस्त तक 06 लाख 72 हजार मे.टन यूरिया, 02 लाख 14 हजार मे.टन डी.ए.पी. तथा 80 हजार मे.टन एम.ओ.पी. का भण्डारण किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि डी.ए.पी. के प्रतिस्थापन के संबंध में वैकल्पिक उर्वरकों के रुप मेंएन.पी.के. 01 लाख 80 हजार मे.टन लक्ष्य के विरुद्ध 02 लाख 37 हजार मे.टन एवं एस.एस.पी. 02 लाख मे. टन लक्ष्य के विरुद्ध 02 लाख 95 हजार मे.टन का भण्डारण किया गया है। इसी प्रकार डी.ए.पी. की कमी की पूर्ति एन.पी.के एवं एस.एस.पी. उर्वरकों से की जा रही है।

**उपराष्ट्रपति पद का चुनाव: एनडीए....**

को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा कर दी थी. एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को होने की उम्मीद है. ये नामांकन दाखिल करने की 21 अगस्त की अंतिम तिथि से पहले हो रहा है. उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जगदीप धनखड़ के मध्यावधि इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया. उन्होंने चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था. हालाँकि उनके जाने से उनके और सरकार के बीच तनाव की व्यापक अटकलें लगाई जा रही है. उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होने वाला है. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्यों वाले निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है. संसद में स्पष्ट संख्यात्मक लाभ के साथ एनडीए के पास अपने चुने हुए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्याबल है. भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है, जिससे यह पद राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है. वहीं दूसरी ओर विपक्ष की ओर से भी संयुक्त उम्मीदवार उतारने की चर्चा है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नामों पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क में हैं. माना जा रहा है कि एक मजबूत राजनीतिक संदेश देने के लिए ऐसा किया जा रहा है. हालांकि उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुनने पर अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है. इस बीच विपक्ष के कुछ नेताओं का यह भी मानना है कि बीजेपी की ओर से उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए.

**ट्रम्प बोले- भारत पर टैरिफ, रूस के लिए....**

को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करेंगे। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रहे जंग को खत्म करना है। ट्रम्प और पुतिन की मुलाकात होती है तो यह पहली बार होगा जब दोनों नेता अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रम्प की मुलाकात के लिए UAE का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रम्प ने बैठक के लिए अलास्का को चुना। अलास्का उत्तरी ध्रुव के नजदीक कनाडा से सटी वो जगह है जो कभी रूस का हिस्सा हुआ करती थी। 158 साल पहले रूस ने इसे अमेरिका को सिर्फ 45 करोड़ रुपए में बेच दिया था। अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से ऑयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

**इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल को लेकर फैलाया....**

ईंधन के इस्तेमाल का गाड़ियों के इंश्योरेंस की वैधता पर कोई असर नहीं पड़ता। नीति आयोग के एक अध्ययन के मुताबिक, गन्ना-आधारित इथेनॉल से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 65 प्रतिशत और मक्का-आधारित इथेनॉल से 50 प्रतिशत तक कम होता है। पिछले 11 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) की तेल कंपनियों ने पेट्रोल में इथेनॉल मिलाकर 1.44 लाख करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा बचाव किया, 245 लाख टन कच्चे तेल की जगह ली, और 736 लाख टन $CO_2$ (कार्बन-डाई-ऑक्साइड) उत्सर्जन घटाया, जो 30 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। इस साल 20 प्रतिशत ब्लेंडिंग के साथ किसानों को 40,000 करोड़ रुपये का भुगतान और 43,000 करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा बचाव होने का अनुमान है।

**चैतन्य बघेल की याचिका पर....**

की तारीख तय होने से पहले, ईडी को अपना पक्ष और सबूत अदालत में रखने होंगे। 18 जुलाई 2025 को, अपने जन्मदिन के दिन, चैतन्य बघेल को ईडी ने भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया था। तब से अब तक वह 24 दिनों से जेल में बंद हैं। ईडी ने उन पर कथित रूप से शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए करोड़ों रुपये के लेन-देन में शामिल होने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला पिछले कई वर्षों से चर्चा में है। आरोप है कि सरकारी और निजी शराब दुकानों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई, जिससे राज्य को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान हुआ। ईडी का दावा है कि इस घोटाले में कई प्रभावशाली लोग शामिल हैं और मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए काले धन को वैध बनाने की कोशिश की गई। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद से छत्तीसगढ़ की राजनीति में हलचल मची हुई है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया है, वहीं भाजपा का कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**पैर पखारकर स्वच्छता दीदियों का सम्मान....**

बनाई है और राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से पुरस्कार प्राप्त किए हैं। हमारे नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर छह पुरस्कार प्राप्त होना गर्व की बात है। रायपुर नगर निगम को गार्बेज-फ्री सिटी में सेवन-स्टार रेटिंग मिली है। 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में अकेले छत्तीसगढ़ के 58 शहरों को थ्री-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। सोर्स सेग्रीगेशन और अपशिष्ट प्रबंधन में भी हमारे शहरों ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं। स्वच्छता के सभी मापदंडों पर छत्तीसगढ़ में तेजी से कार्य हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे शहर स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनें तथा स्वच्छता छत्तीसगढ़ की पहचान बने। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में तीन नगर निगम–बिरगांव, भिलाई-चरोदा और धमतरी–तथा 43 नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा के लिए जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल का शुभारंभ किया। एक साथ 46 शहरों में ऑनलाइन संपत्ति कर भुगतान की यह सुविधा स्थानीय स्वशासन को आधुनिक बनाने और नागरिकों को घर बैठे सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे कर संग्रहण में भी तेजी आएगी। 'स्वच्छता संगम' में नगरीय निकायों में स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के मानकों को ऊंचा उठाने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 पर आधारित वीडियो का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'स्वच्छता संगम' में 260 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने बिलासपुर जिले में विभिन्न विभागों के 63 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत के 24 निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया तथा 197 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 25 कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

**भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का....**

से STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की शिक्षा ले रहे हैं। मोदी ने कहा, इससे सीखने और नवाचार की संस्कृति बन रही है। ज्ञान तक पहुंच को आसान बनाने के लिए हमने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शुरू की है, जिसके तहत लाखों विद्यार्थी और शोधकर्ता प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स को मुफ्त में देख सकते हैं। मोदी ने कहा, विभिन्न योजनाओं के तहत अनुसंधान क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश हो रहा है। हम आप जैसे युवाओं को दुनिया भर से भारत में पढ़ाई, शोध और सहयोग के लिए आमंत्रित करते हैं। हो सकता है अगली बड़ी वैज्ञानिक खोज ऐसी साझेदारियों से ही हो। उन्होंने कहा, जब हम ब्रह्मांड की खोज कर रहे हैं, तो यह भी सोचना जरूरी है कि अंतरिक्ष विज्ञान से पृथ्वी पर लोगों के जीवन को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है-क्या किसानों को और बेहतर मौसम पूर्वानुमान मिल सकता है? क्या प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी हो सकती है? क्या जंगलों में आग और पिघलते ग्लेशियरों की निगरानी की जा सकती है? क्या दूरदराज के इलाकों के लिए बेहतर संचार व्यवस्था बनाई जा सकती है? प्रधानमंत्री ने कहा, विज्ञान का भविष्य आपके हाथों में है। असली दुनिया की समस्याओं का समाधान कल्पना और संवेदनशीलता से करना होगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि पूछते रहिए, वहां बाहर क्या है? मोदी ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिन का सफल मिशन पूरा कर लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की भी सराहना की। उन्होंने कहा, पिछले महीने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपना ऐतिहासिक मिशन पूरा किया। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और आप जैसे युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ताकत में विश्वास रखता है। यह ओलंपियाड उसी भावना को दर्शाता है। मुझे बताया गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपियाड है। अंत में पीएम मोदी ने कहा, उच्च लक्ष्य तय करें, बड़े सपने देखें और याद रखें कि भारत में हम मानते हैं कि आसमान सीमा नहीं है, बल्कि यह तो बस शुरुआत है।

**महाभियोग पर महाजांच: जस्टिस वर्मा.....**

जस्टिस वर्मा को पद से हटाने का प्रस्ताव तब तक लंबित रहेगा, जब तक कि यह कमेटी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपेगी। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि उन्हें पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजेंगे। साथ ही कहा कि कमेटी भी अपनी रिपोर्ट जल्द सौंपेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए। जस्टिस यशवंत वर्मा ने राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद स्पष्ट हो चुका था कि जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की कार्यवाही का रास्ता साफ हो चुका है। बता दें कि जस्टिस वर्मा ने अपने आवास पर जले कैश के मामले में जांच रिपोर्ट को खारिज करने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की थी। साथ ही, दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की सिफारिश को भी चुनौती दी थी। दरअसल, संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिफारिश भेजी थी।

# युगांतर ने अंडर-19 आयु वर्ग की सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः स्वर्ण पदक जीता



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की अंडर 19 आयु वर्ग की बालक टीम ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचा है।

फाइनल मुकाबले में युगांतर की बालक टीम ने मेजबान सेंट जेवियर स्कूल कटक को 36-9 अंकों से एक तरफा परास्त किया और नेशनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। टीम रेवाडी हरियाणा में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने जाएगी। इसके पहले हुए सेमी फाइनल मैच में युगांतर की टीम ने मदर्स पब्लिक स्कूल भुवनेश्वर को 44-7 अंकों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। इसके अतिरिक्त युगांतर की टीम ने ब्रम्हविद स्कूल रायपुर एवं टाइम्स गुरूकुल इन्टरनेशनल स्कूल उड़ीसा को परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। युगांतर की ओर से शुभम सिंह, अभिषेक पाठक, रूहान, अनुराग एवं गणेश भंडारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने में महती भूमिका निभाई। टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव, सहायक कोच नवनीत द्विवेदी रहे। जिनके मार्गदर्शन में टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

उक्ताशय जानकारी देते हुए युगांतर के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल के राज्यों के सीबीएसई स्कूल के मध्य क्लस्टर -बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें युगांतर की टीम विगत कई वर्षों में इन प्रतिस्पर्धाओं में विजेता रही। यही नहीं टीम को सीबीएसई नेशनल की विजेता टीम बनने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने टीम के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# गोडवाना राज्य एवं हक अधिकार की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। गोडवाना राज्य एवं हक अधिकार की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के समक्ष राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व मूलनिवासी (देशज) दिवस के अवसर पर भारत देश में निवासरत गोंड जनजाति समाज द्वारा विश्व मूलनिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

जिसमें अपनी भाषा (गोंडी) संस्कृति, जल, जंगल, जमीन की संरक्षण हेतु सन् 1940 के दशक से लेकर आज़ पर्यंत तक गोंडवाना राज्य जिसमें वर्तमान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, विदर्भ आदिलाबाद, आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्से शामिल हैं। आजादी के बाद भाषा के आधार पर 1956 में राज्यों का पुनर्गठन किया गया।

परंतु गोंडी भाषा के आधार पर गोंडवाना राज्य की मांग को ठुकरा दिया गया। अतः महोदय से विनम्र प्रार्थना हैं कि भारत देश के गोंड जन जातियों को उनके भाषा, संस्कृति, वेश-भूषा एवं जल, जंगल, जमीन के संरक्षण हेतु गोंडवाना राज्य पुनर्गठन की मांग गोंड जनजाति एवं गोंडवाना युथ क्लब डोंगरगढ़ के द्वारा की जाती हैं।

# डीएड खैरागढ़ 1998 एवं 2000 बैच का 25 साल बाद भव्य मिलन समारोह संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अंबागढ़ चौकी में रविवार 10 अगस्त को डीएड खैरागढ़ 1998 एवं 2000 बैच के साथियों का 25 वर्षों बाद भव्य मिलन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। साहू धर्मशाला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर और दूर-दराज क्षेत्रों से आए मित्रों ने एक बार फिर पुराने रिश्तों को संजोया और यादों को ताजा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ। जिसके बाद दिनभर मित्रों के आगमन, आपसी संवाद और स्मृतियों के साझा करने का सिलसिला चलता रहा। आयोजन समिति के सदस्य कीरत कुमार गणवीर ने कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक मिलन नहीं, बल्कि 25 साल पुराने बंधन को फिर से मजबूत करने और आगे भी जुड़े रहने का संकल्प है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी और अल्वा फाउंडेशन, न्यू दिल्ली के चेयरमैन हेमशंकर जेठमल उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका चंद्रश्री दामले और ग्रुप एडमिन ज्ञानचंद साहू ने की। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, समूह चर्चा और सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। सभी साथियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभनपुर, लांजी, कवर्धा, बस्तर, कोंडागांव, डोंगरगढ़, मोहला-मानपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों से मित्र शामिल हुए। स्थानीय स्वयंसेवकों ने स्वागत, सजावट, भोजन और मंच संचालन में अहम भूमिका निभाई। आयोजन में अनंता द्विवेदी, दीपमाला वासनिकर, पुष्पा बोरकर, रीमा रावटे, रागिनी यादव, कुसुम, प्रीति सारले, राजेश देवांगन, अशोक यादव, सुरेश साहू, श्यामलाल खरे और छबिलाल उइके सहित कई साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कीरत कुमार गणवीर ने किया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निस्तारी तालाब को मछली पालन हेतु नीलाम किये जाने पर रोक लगाने एसडीएम को ज्ञापन

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सालिक राम गेडाम एवं विक्रम साहू द्वारा निस्तार तालाब को मछली पालन हेतु नीलाम किए जाने पर रोक लगाने की मांग से संबंधित ज्ञापन एसडीएम डोंगरगढ़ को दिया गया है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि, ग्राम पंचायत बेलगांव के द्वारा ग्राम बेलगांव, पटवारी हल्का नम्बर 16 में खसरा नम्बर 1229 एवं 1228 रकबा क्रमशः 2.2450, 0.2510 हैक्टेयर भूमि जो कि पानी के नीचे स्थित है, के राजस्व रिकार्ड के कैफियत कालम में ग्रामवासी नहाते, धोते एवं मवेशियों को नहलाते व पानी पिलाते है। पंचायत द्वारा मछली पालन हेतु निविदा मंगाई गई है और नीलाम किये जाने की योजना बनायी जा रही है। नीलामी में सम्मिलित होने हेतु आवेदन भी प्रस्तुत किया जा चुका है।



ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा लिए गए निर्णय का विरोध कर रहे हैं ग्रामीण

यदि उपरोक्त तालाब को मछली पालन हेतु नीलाम किया जाता है तो मछली पालन करने के लिए तालाब में गोबर का घोल एवं अन्य रासायनिक खादों का प्रयोग किया जायेगा। ग्राम बेलगांव के आम लोगों के निस्तारी में काफी समस्या आयेगी और मछली पालन हेतु तालाब में डाले गये रासायनिक खाद से बिमारी फैलने की भरपूर संभावना है। जबकि ग्राम पंचायत बेलगांव के द्वारा ग्राम में स्थित अन्य तीन तालाबों की पूर्व में ही मछली पालन हेतु नीलाम किया जा चुका है। जिसका पानी अत्यंत दूषित हो चुका है और निस्तारी योग्य नहीं है। ग्राम पंचायत बेलगांव के द्वारा उपरोक्त तालाब को मछली पालन हेतु दिया जाता है तो कोई भी तालाब आम निस्तारी हेतु ग्राम में नहीं बचेगा। जिसका उपयोग ग्रामवासी निस्तारी के लिए प्रयोग में ला सकें और आम लोगों को इससे भारी समस्या उत्पन्न होगी और जन आक्रोश बढ़ने की पूर्ण संभावना है। अनुविभागीय अधिकारी से मांग की गई है कि, उपरोक्त तालाब को आम निस्तारी हेतु रखा जाये और मछली पालन हेतु नीलाम किये जाने पर रोक लगाया जाए। ज्ञापन की प्रति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़, सरपंच ग्राम पंचायत बेलगांव को भी दी गई है।

# तीन दिवसीय मानसगान कार्यक्रम में पहुंचे जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा के ग्राम चोभर में आयोजित तीन दिवसीय मानसगान कार्यक्रम में केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को मानसगान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि क्षेत्र में समुचित तरीके से विकास कार्य किया जाएगा।



### ग्रामीणों में उत्साह का माहौल

विक्रांत सिंह को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला। उन्होंने मानस गान श्रवण कर रही महिलाओं से भी चर्चा की और छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस पर महिलाओं ने मुस्कुराते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से उन्हें हर महीने 1 हजार रुपये मिल रहे हैं, जिससे वे बेहद खुश हैं।

### किसानों में खुशी की लहर

महिलाओं ने बताया कि एकमुश्त धान की अंतर राशि मिलने से किसानों में भी खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने इन योजनाओं को लाभकारी बताया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा नेता शत्रुघ्न साहू, ललित सोनी, मन्नू मरकाम, आनंद सिन्हा, महेंद्र यादव, होमलाल साहू, कमल मेरावी, मुंजन यादव, आस्मिर खान, खेलन पटेल, हरि पटेल, जीवन कावरे, चमन वर्मा, बनस लाल साहू, बुधलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# फिर क्षतिग्रस्त हुई महा ऋषि बाल्मीकि और संत सुदर्शन महाराज की मूर्ति



वाल्मीकि सुदर्शन समाज की ओर से मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा - अध्यक्ष तरुण

डोंगरगढ़(दावा)। शहर की सीमा से लगे ग्राम अछोली स्थित सुदर्शन गिरी पर्वत में स्थापित महाऋषि वाल्मीकि और संत सुदर्शन महराज की मूर्ति को फिर से असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। सुदर्शन वाल्मीकि समाज का तीर्थ स्थल जहां समाज के द्वारा महाऋषि वाल्मीकि और संत सुदर्शन महराज की मूर्ति स्थापित थी। इस घटना से सामाजिक गणों में आक्रोश व्याप्त है।

सांसद प्रतिनिधि व समाज के अध्यक्ष तरुण हथेल ने बताया कि जब वे अपने चाचा अपने दामाद और बिटिया के साथ दिव्य स्थान दर्शन करने गए तो देखा मूर्ति क्षतिग्रस्त अवस्था में है। जिसकी सूचना प्रशासन को दी गई और समाज की ओर से आग्रह किया गया कि, जल्द से जल्द आरोपियों की पता साजी की जाए। श्री हथेल ने बताया कि,बाल्मीकि सुदर्शन समाज डोंगरगढ़ ग्रामीण की ओर से आज अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

# कौशल्या देवी साय से शालेय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सुशील नारायण शर्मा ने सौजन्य मुलाकात किया



राजनांदगांव (दावा)। छग शालेय शिक्षक संघ राजनांदगांव जिला अध्यक्ष सुशील नारायण शर्मा आज मुख्यमंत्री को शिक्षकों की समस्या के निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने श्रीमती कौशल्या देवी साय को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया और पत्र सौंपते हुए सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि शिक्षक (एलबी) लोगों के अनेक समस्याओं का आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। जिसमें नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, सहायक शिक्षक एलबी का वेतन विसंगति, पुरानी पेंशन योजना में सुधार, कर्मोन्नति का जनरल आर्डर जारी करना, सहायक शिक्षक एलबी, शिक्षक एलबी, व्याख्याता एलबी, प्रधान पाठक प्राथमिक, उच्चतर माध्यमिक अध्यापक का 1/4/25 को स्थिति में प्रमोशन, 2012 से 2017 के बीच मृत शिक्षा कर्मियों के आश्रितों को योग्यता अनुसार अनुकंपा नियुक्ति,व्याख्याता प्रमोशन मे डी.एड को भी शामिल करना उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग निवेदन किया। श्रीमती कौशिल्या देवी साय ने तत्काल उक्त ज्ञापन को सीएम कार्यालय को फॉरवर्ड कर दिए।

# महिलाओं को मोटापे से दूर रहने व खान-पान संयमित करने की आवश्यकता - डॉ.रितेश

राजनांदगांव (दावा)। महिलाओं में हड्डी रोग की समस्या व बढ़ती मोटापा को अंकुश लगाने के लिए कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा हड्डी रोग विशेषज्ञों का सेमिनार का आयोजन किया गया। कस्तूरबा भवन में आयोजित उक्त सेमिनार में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सादानी, डॉ. भालेराव, डॉ. संजय बख्शी व संजीवनी हास्पीटल के डॉ. रितेश भोस्कर व राधेश्याम आर्थोपेडिक के डाक्टर योगेन्द्र सोनी उपस्थित थे।

### गायत्री स्कूल के विद्यार्थियों ने की गुरु वंदना

कस्तूरबा भवन में दोपहर को आयोजित उक्त हड्डी रोग सेमीनार का शुभारंभ गायत्री स्कूल की छात्राओं ने गुरु वंदना कर किया गया। तत्पश्चात कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी श्रीमती शारदा तिवारी, अध्यक्ष अलका जानी, सचिव साधना तिवारी आदि ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संजीवनी के डॉ. रितेश ने कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रोजेक्टर। के माध्यम से संबोधित कर बताया कि 65 साल के हर महिलाओं को अपना आस्टोफोरेसिस का चेक कराते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि कैल्सियम की रिक्वायरमेंट कितना है।यह भी जानकारी लेते रहना चाहिए। उन्होंने प्रोटीन एवं कैल्सियम के लिए मुनगा, मूली, मेथी भांजी, पत्ता गोभी, पालक आदि को इसका अच्छा स्त्रोत बताया वही विटामिन डी के लिए सूर्य को इसका अच्छा स्त्रोत व दूध दाल, सोयाबीन, मटर आदि को लाभदायक बताया।



कैल्सियम की रिक्वायरमेंट कितना है यह जानना जरूरी - डॉ.सादानी

### मोटापे से बचने खान-पान में संयम जरूरी

हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर राजेश सादानी ने बताया कि मोटापे की वजह से ज्यादा तर गिरने-पड़ने की घटनाएं होती हैं। बाथरूम मे ज्यादा घटनाएं होती है। जिससे हड्डियां फ्रैक्चर हो जाती है। इसलिए महिलाएं अपना वजन न बढ़ने दें। महिलाओं को खानपान में संयम बरतना जरूरी है। बाहरी तली- भूनी हुई चीजें न खाएं, डिब्बा बंद पदार्थ, बर्गर पिज्जा आदि खाने से परहेज़ करें। महिलाओं को अपना वजन नियंत्रित करना चाहिए। इसी प्रकार हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भालेराव ने अच्छी सेहत और शरीर को लचीला बनाने के लिए योग, व्यायाम, आसन, प्राणायाम को महत्व देना जरूरी बताया। उन्होंने कोल्डड्रिंक आदि पीने से परहेज़ करने की बात कही।

### शहर में हड्डी का लेजर ट्रीटमेंट लाने के लिए आग्रह

कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी ने लोगों में बढ़ती हड्डी रोग समस्या के निदान के लिए शहर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों से लेजर ट्रीटमेंट लाने के लिए आग्रह किया। इस पर डाक्टरों ने कहा कि यदि प्रदेश की सरकार चाहे तो हड्डी के लिए लेजर ट्रीटमेंट की व्यवस्था यहां भी हो सकती है। लेजर थेरेपी के लिए लोग हेल्प करे तो यह सुविधा यहां भी मिल सकती है। डाक्टर सादानी ने कहा कि हमारे शहर में 20-25 साल पहले से घुटनों का आपरेशन होते आ रहा है। अब इसमें पहले से ज्यादा सुधार आ गया है। उन्होंने कहा कि पूरे शरीर का भार घुटनों में नहीं आना चाहिए। हड्डी रोग सेमीनार का लाभ लेने के लिए आराधना की लता अग्रवाल, अनिता लोहिया, पुष्पा अग्रवाल, उमा खंडेलवाल, सनातन धर्म की मौसमी शर्मा, कस्तूरबा की आशा गुप्ता, शोभा चोपड़ा, साधना तिवारी, माया अग्रवाल, अनिता जैन, जनक बाई गुप्ता, कसौधन वैश्य समाज की लक्ष्मी गुप्ता प्रज्ञा गुप्ता, ओमवती ठाकुर आदि सहित कस्तूरबा स्कूल की प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, व्यवस्था प्रभारी सीताराम वैष्णव,व स्कूल की शिक्षिकाए व छात्राएं उपस्थित थी। सेमीनार का समापन पूर्व पार्षद प्रज्ञा गुप्ता के सुमधुर गीत से हुआ। आगत डाक्टरों का धन्यवाद ज्ञापन समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष अलका जानी द्वारा किया गया। उक्ताशय की जानकारी कस्तूरबा की सचिव साधना तिवारी ने दी।

# गैंदाटोला भाजपा मंडल में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भवन में बैठक प्रभारी श्रीमती जागृति यदु जिला पंचायत सदस्य की अगुवाई एवं गैंदाटोला मंडल के वरिष्ठ/कनिष्ठ पदाधिकारियों भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदेश और जिला भाजपा के निर्देश पर मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्रों में तिरंगा यात्रा निकालने हेतु रूपरेखा बनाने बैठक रखा गया।

उक्त बैठक में प्रभारी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशव्यापी तिरंगा यात्रा 'मोर तिरंगा मोर अभिमान' हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। यह अभियान हर भारतीय के मन में तिरंगे के प्रति गर्व और आत्मीयता को जागृत करने का प्रेरणादायक माध्यम है।

इस अभियान से जुड़कर राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन और घर-घर तक पहुंचाए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल स्तरीय वृहद 'तिरंगा यात्रा' डीजे और 150 मोटर साइकिल के साथ 13 अगस्त को शक्ति केंद्र कल्लूबंजारी से शक्ति केंद्र चिरचारी कला तक यात्रा निकाली जाएगी। उक्त यात्रा का जगह जगह पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील प्रभारी और मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू द्वारा की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से आत्माराम चंद्रवंशी, मदन साहू, सुकृत साहू, हेमिन साहू जनपद सदस्य, आलोक मिश्रा, घासी साहू, मदन साहू, संयोजक कुमार साय साहू, सह संयोजक एस कुमार सिन्हा, कीर्ति गंगा सागर, रीना कुलदीप, मनीष त्रिपाठी हिना शिंदे, घनश्याम साहू, मधु यदु, विजय अग्रवाल, चित्रांगन साहू, भूपेन्द्र निर्मलकर, दिलीप साहू, प्रदीप वर्मा, गोपाल सेन, गजेंद्र साहू, धन्ना सोनी, गौरव अग्रवाल, कोमल साहू, अश्वन साहू, उमेश चंद्रवंशी, भूपेन्द्र अग्रवाल, गिरधारी साहू, कल साहू, मनोज शिंदे एवं बैठक में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक का संचालन मंडल कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी द्वारा किया गया।

## यादव समाज की वार्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न




राजनांदगांव (दावा)। गौरी नगर सामुदायिक भवन में 10 अगस्त रविवार को दोपहर 2 बजे नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा को 16 अगस्त को भव्य एवं आकर्षक रूप में निकालने का निर्णय लिया गया। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक में शोभा यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया और पूरी तैयारी के साथ शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोसरिया यादव समाज के सभी सदस्यों को इस बात की जानकारी दी गई कि इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा झांकी यादव समाज राजनांदगांव के बैनर तले निकाली जाएगी। सदस्यों में भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

# भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच दूसरा कोई और रास्ता नहीं है। डॉ. सुचित्रा गुप्ता

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के इतिहास विभाग द्वारा अगस्त क्रांति मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि 9 जून 1942 को लुई फिशर से महात्मा गांधी ने कहा कि भारत छोड़ने और नहीं छोड़ने के बीच कोई दूसरा रास्ता नहीं है।



क्रिप्स प्रस्ताव का असफल और एक-एक कर भारत छोड़ने से भारतीयों में निराशा फैल गयी थी। ऐसी स्थिति में गांधीजी ब्रिटिश साम्राज्यवाद का रक्तहीन अंत कर एक नये युग की आक्रोश रखते थे। विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि 7 अगस्त 1942 का कांग्रेस अधिवेशन बंबई में प्रारंभ हुआ। 8 अगस्त को महात्मा गांधी ने समिति के सामने अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन का ऐतिहासिक प्रस्ताव रखा। इस दौरान गांधीजी ने 70 मिनट तक भाषण दिया और 'करो या मरो' का नारा जनता को दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर सहायक प्राध्यापक ने कहा कि सरकार की अनुमानसिक दमन चक्र में आंदोलन को दबा तो दिया, लेकिन छिपे रूप से आंदोलन चलता रहा, जिसका नेतृत्व अरूणा आसिफ अली, राममनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं ने किया। आभार प्रदर्शन हेमलता साहू अतिथि व्याख्याता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा अतिथि व्याख्याता सहित एम.ए. के विद्यार्थी उपस्थित थे।

ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः



**श्री दासी श्याम प्रभु का 26 वा जयंती महोत्सव** बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । प्रभु श्री श्याम की प्यारी गुरु मां जिन्होने कलयुग में सतयुग दर्शाया, गृहस्थ जीवन कैसे सफल बनाए एक संसार में आदर्श स्थापित किया, किस प्रकार घर आए अतिथियों को सम्मान हो, कैसे परिवार को संग लेकर चलना है, किस प्रकार आपसी मनमुटाव ना हों, अपनों में प्रेम बढे, इन सबको न केवल बतलाया, बल्कि जीवन जी कर बताया । अपने जीवन में इसे सहर्ष अपनाया और फिर प्रभु श्री श्याम में विलीन हो गई । इन्ही यादों के साथ मां की 26वी जंयती प्रभु श्री श्याम शक्ति मिलन उत्सव को उनके अनुयायी, बच्चे, भक्तजन भादो महिने की चौथ को हर्षोल्लास से मनाते आ रहे है । आज ही के दिन दिव्य ज्योति में ज्योति समाई थी, इसलिए इन यादों को अपने दिल में संजोकर हर व्यक्ति एक सुकुन महसूस करता है।

*आईये हम सब मिलकर उनके इस आदर्श को अपने जीवन में अपनाये।*

*!! जय हो शक्ति मां !! !! जय हो श्याम प्यारी !! !! जय श्री दासी श्याम !!*

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निर्मल कुमार शर्मा** मो. 9301054346<br>**मयंक शर्मा** मो. 9827153440<br>(आयकर, जी.एस.टी. अधिवक्ता)<br>श्री दासीश्याम निवास, हमाल पारा, राजनांदगाँव | **CA पीयूष शर्मा**<br>श्री लक्ष्मी मंदिर के पास, हमाल पारा, राजनांदगाँव<br>मो. 9165901234 | **सलासर एजेंसी**<br>मेडिकल इक्यूपमेंट सप्लायर<br>राजनांदगांव<br>मो. 8889555437 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **मे. गुरु माँ ट्रेडर्स**<br>खाद, बीज, दवाई के थोक विक्रेता।<br>हॉट बाजार, उदयाचल के पास, राजनांदगाँव मो. 9425563834 | **स्व. मनूबेन हिरजीभाई टांक एवं समस्त टांक परिवार**<br>टांक एण्ड टांक सोप इंडस्ट्रीज & किंग चिल्ली रेस्टोरेन्ट कौरिनभाठा, वी.आई.पी. रोड, राजनांदगाँव<br>मो. 9425237421 | **कमल राईस मिल**<br>ग्राम: फरहद, जि. राजनांदगाँव<br>**राजकुमार अग्रवाल**<br>**अर्चित अग्रवाल** | **Morvi's Jaipur**<br>जयपुर की सभी प्रकार की कुर्तियों के मेनुफेक्चरर<br>मो. 9352312724 | **एरन एनर्जी**<br>मो. 9972173181 | **विजय कुमार**<br>**नितिश कुमार अग्रवाल**<br>गुरुकृपा टॉवर रामाधीन मार्ग, राजनांदगाँव<br>मो. 9424110868, 7530004474 | **मधुर & प्रद्युम्न अग्रवाल**<br>चार्टेड एकाउंटेंट्स<br>दुर्गा चौक, गोंदिया (महा.)<br>मो. 9765977663 | **अवधेश कुमार जोशी**<br>M.COM LLB GST & INCOME TAX EXPERT<br>कामठी लाईन, राजमल कॉम्पलेक्स के सामने राजनांदगांव मो. 9826833409 | **मे. वी. आर. ज्वेलर्स**<br>सोने, चांदी के आभूषणों के विक्रेता<br>सदर बाजार, राजनांदगाँव (छ.ग.)<br>उचित मूल्य पर गिरवी रखी जाती है। |
| **मे. डी. एस. इण्डस्ट्रीज़**<br>वायरनेट, फेब्रीकेटर्स एवं स्टील फर्नीचर के निर्माता 7 ए औद्योगिक क्षेत्र, ममता नगर राजनांदगाँव (छ.ग.)<br>मो. 9827184500, 9977880780 | **राहुल अग्रवाल "सोनू"**<br>गव्हर्नमेंट कान्ट्रेक्टर (सिविल वर्क)<br>**राजेश अग्रवाल**<br>(आर.टी.ओ. एजेन्ट)<br>मो. 9300465941 | **मनीष कुमार शर्मा**<br>ओआईएलटीई इण्डस्ट्रीज़<br>कोलकाता 700103<br>मो. 93309354714 | **सचिन स्टील्स**<br>कॉटन मार्केट, चौधरी चौक<br>अमरावती (महाराष्ट्र)<br>फोन : 0721-2577962 | **कैलाशचंद चांडक**<br>बालाजी कृषि केन्द्र<br>बाबा रामदेव राईस मिल<br>साजा, जिला बेमेतरा<br>मो. 9407562900 | **शर्मा एसोसिएट्स**<br>LIC Agent, Financial Consultant<br>श्री लक्ष्मी मंदिर के पास, हमाल पारा, राजनांदगाँव मो. 9165901234<br>**रियल एकाउंटिंग साल्युशन्स**<br>कवर्धा बेमेतरा मो. 9301111440 | **शान ज्वेलर्स**<br>सोने, चांदी के आभूषणों के विक्रेता।<br>राम मंदिर के बाजू, महात्मा गांधी रोड, बलौदा बाजार<br>मो. 9669384858 | **जय अम्बे ट्रेडिंग कं.**<br>**भगवती प्रसाद नरेश कुमार अग्रवाल**<br>शकुंतलम्, रानी दुर्गावती वार्ड, वारासिवनी, जि. बालाघाट (म.प्र.) मो. 9300686930 | **मे. गुरुकृपा ट्रेडर्स**<br>सीमेंट व बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स<br>कक्कड़ ऑटो के पास जी.ई.रोड, राजनांदगाँव<br>फोन 403634, मो. 9301735501 |
| **कौशलेन्द्र कुमार जोशी**<br>आयकर जीएसटी कर सलाहकार<br>कामठी लाईन राजनांदगाँव<br>मो. 9329195920 | **मे.अन्नपूर्णा इंटरप्राइजेस**<br>अल्ट्राटेक सीमेंट डिपो दुकान नं. 4, महोली रोड, मथुरा<br>मो. 9412278121 | **निलेमा**<br>(Live-in-Style)<br>निर्माता बेडशीट एवं साड़ियाँ<br>रविन्द्र पल्ली, केस्टोपुर, कोलकाता<br>फोन 033-2510016, मो. 9903165641 | **अग्रवाल मिनरल्स**<br>27 खोली, विकास नगर बिलासपुर 405036<br>मो. 9827165759 | | **अनिल कुमार शर्मा**<br>कैलाश नगर, राजनांदगाँव<br>मो. 9425559477 | **रूपनारायण संजय कुमार अग्रवाल**<br>उत्कर्ष अवंतिका, तीसरी मंजिल<br>रामदास पेठ, नागपुर मो. 9822566169 | **Hardik & Company**<br>Dealer - Cement & Steel<br>Sssom International Foods<br>3rd Floor, Kumar Orion, Taj Vivanta Road,<br>PUNE (M.H.) Mo. 9822080318 | **Complete Legel Solution LLP**<br>(New Office), 1st floor, 11/2122, Street Number 5, beside Royal Parlour, Geetanjali Colony, Shankar Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492004 |

## श्री श्याम कुटी परिवार, दासी श्याम मण्डल

रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव (छ.ग.)

ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com